दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 3 | अंक: 191 जयपुर, गुरुवार, 20 जून, 2024 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष- त्रयोदशी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**10** बजे सुबह लगी आग

**30** दमकलों ने 5 घंटे में पाया काबू



फोटो: पंकज शर्मा

### रघु विहार कॉलोनी के तीन मंजिला मकान में लगी आग

# दुर्गापुरा का पेंट गोदाम बना बर्न हाउस



बेधड़क | जयपुर

शहर के दुर्गापुरा स्थित रघु विहार कॉलोनी के एक तीन मंजिला मकान में बुधवार सुबह भीषण आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि आग की लपटें दूर तक दिखी। मकान में पहले से पेंट व थिनर का गोदाम संचालित था। इसके कारण आग बढ़ती चली गई। सूचना पर मौके पर पहुंची नगर निगम की फायर बिग्रेड की 30 गाड़ियों ने 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल आग के कारणों की जांच की जा रही है। पड़ोसी का मकान भी आग की चपेट में आ गया। घटना दुर्गापुरा स्थित रघु विहार कॉलोनी में प्लाट नंबर 57 की है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कॉलोनी में पिछले कई समय से मकान को गोदाम बनाकर काम किया जा रहा था। इस मकान में पेंट और थिनर जैसे ज्वलनशील पदार्थ रखे हुए थे। आग सुबह साढ़े 10 बजे आग लगी। तीन मंजिला इमारत देखते ही देखते आग की चपेट में आ गई। आग की सूचना मिलने पर दमकल के अधिकारी और एसीपी मानसरोवर संजय शर्मा मौके पर पहुंचे। आसपास के मकानों को भी खाली कराया।



### मकान में था रंग-पेंट का गोदाम

घटना रघु विहार कॉलोनी की है। यहां पिनाकल इंटरप्राइजेज के नाम से फर्म चलाई जा रही थी। मालिक ने गोदाम के पास वाला मकान भी खरीद लिया था। गोदाम में थिनर, पेंट, प्लास्टिक भरा हुआ था। गोदाम में पहली मंजिल पर बड़ी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ रखा था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कॉलोनी में पिछले कई समय से मकान को गोदाम बनाकर काम किया जा रहा था।

### दमकलकर्मी ने जोखिम में डाली जान



आग लगने से पेंट के डिब्बे धमाकों के साथ एक-एक कर फटने लगे। इससे लगातार आग तेज होती जा रही थी। गोदाम में ही तीन सिलेंडर भी रखे थे, जिन्हे दमकलकर्मी राजू यादव और विनोद मीणा ने अपनी जान जोखिम में डालकर बाहर निकाला।

## जरूरी खबर

### नवीन महाजन बने राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी



**जयपुर।** लोकसभा चुनाव समाप्त होने के साथ प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी में भी बदलाव हुआ। अब प्रदेश के नए मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन होंगे। महाजन आईएएस प्रवीण गुप्ता की जगह लेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने कार्मिक विभाग ने भेजे गए प्रमुख सचिव स्तर के तीन अधिकारियों के पैनल में से नवीन महाजन के नाम को मंजूरी दी है। 1997 बैच के आईएएस अधिकारी नवीन महाजन अभी CMD वेयरहाउसिंग का जिम्मा संभाल रहे थे। इससे पहले नवीन महाजन DG HCM, PWD प्रमुख सचिव, जल संसाधन सचिव, LSG MSME सचिव भी रह चुके हैं। नवीन महाजन से पहले इस प्रवीण गुप्ता मुख्य निर्वाचन अधिकारी का जिम्मा संभाल रहे थे।

### तमिलनाडु में जहरीली शराब से 13 लोगों की मौत

**चैन्नई।** तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में जहरीली शराब के सेवन से 13 लोगों के मारे जाने की खबर है। वहीं, जहरीली शराब के सेवन से तकरीब 40 लोग बीमार पड़ गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुधवार दोपहर में शराब का सेवन करने के तुरंत बाद इनकी तबीयत बिगड़ने लगी। कुछ लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि कुछ की अस्पताल में मौत हो गई। इस सिलसिले में जहरीली शराब बेचने वाले 49 वर्षीय के कन्नुकुट्टी को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही 200 लीटर जहरीली शराब को जब्त कर लिया गया है। सरकार ने इस मामले में कल्लाकुरिची के जिलाधिकारी श्रवण कुमार जातावथ का ट्रांसफर कर दिया, जबकि पुलिस अधीक्षक समेत दस पुलिसकर्मियोंको निलंबित कर दिया गया है।

## मोदी 3.0 कैबिनेट ने लिए 5 बड़े फैसले...

# 14 फसलों की बढ़ाई MSP

### किसानों से युवाओं तक फोकस...

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनने के बाद बुधवार को कैबिनेट की मीटिंग में कई अहम फैसले लिए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने 14 खरीफ फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को बढ़ाने की मंजूरी दे दी है।

सरकार ने कहा कि 2024-25 के लिए खरीफ फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी की है, ताकि उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सके। एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि तिलहन और दलहन के लिए की गई है, जिसमें नाइजरसीड (रामतिल) में 983 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि, उसके बाद तिल 632 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि और अरहर दाल 550 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि शामिल है। कैबिनेट के फैसले की घोषणा करते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार के इस फैसले से किसानों को एमएसपी के तौर पर करीब 2 लाख करोड़ रुपये मिलेंगे। यह पिछले सीजन से 35,000 करोड़ रुपये अधिक है।





### वधावन पोर्ट के लिए 76,200 करोड़ मंजूर

महाराष्ट्र के वधावन पोर्ट के लिए 76,200 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। इस पोर्ट से 12 लाख रोजगार के अवसर पैदा होंगे। महाराष्ट्र के वधावन में 76200 करोड़ की लागत से गहरे ग्रीनफील्ड पोर्ट निर्माण को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। यह पोर्ट भारत-मध्य पूर्व कॉरिडोर के लिए महत्वपूर्ण होगा। इस पोर्ट में दुनिया के शीर्ष 10 पोर्ट में शामिल होने की क्षमता है।

### पवन ऊर्जा परियोजना को मिलेगा बढ़ावा

कैबिनेट ने 1 गीगावाट ऑफ शोर विंड टर्मिनल परियोजना को मंजूरी दी है। इसके तहत गुजरात में 500 मेगावाट की 1 परियोजना, तमिलनाडु में 500 मेगावाट की दूसरी परियोजना को मंजूरी दी गई है। दोनों परियोजनाओं में 7453 करोड़ रुपए का निवेश होगा। गुजरात में 4.5 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली मिलेगी, वहीं तमिलनाडु में 4 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली मिलेगी।

### NFIES योजना को भी दी मंजूरी

कैबिनेट ने राष्ट्रीय फोरेंसिक अवसंरचना संवर्धन योजना (NFIES) को मंजूरी दी है। इससे प्रभावी आपराधिक न्याय प्रणाली में मदद मिलेगी। सबूत का समय पर और वैज्ञानिक ढंग से फोरेंसिक परीक्षण तकनीक में मदद मिलेगी। राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विवि 28 राज्य / केंद्र शासित प्रदेशों में एक ऑफ कैंपस, अच्छी तरह से सुसज्जित प्रयोगशाला बनाने की मंजूरी दी गई है।

### वाराणसी एयरपोर्ट के लिए खोला खजाना

कैबिनेट ने वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विस्तार को भी मंजूरी दी है। वर्तमान में वाराणसी एयरपोर्ट की क्षमता 39 लाख यात्री प्रति वर्ष की है। 2025-2026 तक काफी बढ़ जाएगी। इसके मद्देनजर एयरपोर्ट की क्षमता बढ़ाने के लिए 75,000 स्क्वायर मीटर की नई टर्मिनल बिल्डिंग बनाने का फैसला लिया गया है। रनवे और हाइवे को जोड़ने के लिए अंडरपास बनाया जाएगा। वाराणसी एयरपोर्ट को विकसित करने के लिए 2870 करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। भारत की संस्कृति को दर्शाते हुए इसका विकास होगा और इसे ग्रीन एयरपोर्ट बनाया जाएगा। बैठक के बाद केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने 2,870 करोड़ की लागत से वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विस्तार को मंजूरी दे दी है।. उन्होंने बताया कि प्रस्ताव में रनवे का विस्तार और एक नया टर्मिनल भवन बनाना शामिल है. उन्होंने कहा कि न्यूनतम ऊर्जा खपत के लिए इसे हरित हवाई अड्डा बनाया जाएगा।

सरकार के मुताबिक धान का एमएसपी 2300 रुपए प्रति क्विंटल किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 117 रुपए ज्यादा है, वहीं तूर दाल का एमएसपी 7550 रुपए प्रति क्विंटल होगा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 550 अधिक है। उरड़ दाल का एमएससपी 7400 रुपए प्रति क्विंटल होगा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 450 रुपए अधिक है। मूंग का एमएसपी 8682 रुपए प्रति क्विंटल होगा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 124 रुपये अधिक है. मूंगफूली का MSP 6783 रुपए प्रति क्विंटल होगा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 406 रुपए अधिक है।

कपास का MSP 7121 रुपए प्रति क्विंटल होगा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 501 रुपए अधिक है. ज्वार का MSP 3371 रुपए प्रति क्विंटल होगा, जो पिछले वर्ष की तुलना मे 191 रुपए अधिक है। बाजरा का एमएसपी 2625 रुपए प्रति क्विंटल होगा, जो पिछले वर्ष की तुलना मे 125 रुपए अधिक है और मक्का का एमएसपी 2225 रुपए प्रति क्विंटल होगा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 135 रुपए अधिक है।

### शिक्षा मंत्रालय का फैसला

# UGC-NET की परीक्षा रद्द CBI को सौंपी जांच

एजेंसी | नई दिल्ली

यूसीसी-नेट की परीक्षा में गड़बड़ी की शिकायत के बाद शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षा रद्द कर दी है और सीबीआई से जांच कराने का आदेश दिया है। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने 18 जून को देश के विभिन्न शहरों में दो पारियों में ओएमआर (पेन और पेपर) मोड में यूजीसी-नेट परीक्षा आयोजित की थी। उस परीक्षा में धांधली के आरोप लगे थे। इसके बाद शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया गया है।

शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि 19 जून, को यूजीसी को परीक्षा के संबंध में होम मिनिस्ट्री के तहत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) की राष्ट्रीय साइबर अपराध खतरा विश्लेषण इकाई से कुछ इनपुट प्राप्त हुए। इन इनपुट से संकेत मिला कि परीक्षा की अखंडता से समझौता किया गया है।

बयान में कहा गया कि परीक्षा प्रक्रिया की उच्चतम स्तर की पारदर्शिता और पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा मंत्रालय ने फैसला लिया है कि यूजीसी-नेट जून 2024 परीक्षा रद्द की जाए। अब परीक्षा नए सिरे से आयोजित की जाएगी। इसके लिए जानकारी अलग से साझा की जाएगी। इसके साथ ही मामले की गहन जांच के लिए इसको केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपा जाएगा। गौरतलब है कि यूजीसी नेट की परीक्षा 18 जून के देश भर के 317 शहरों में 1205 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी। इसमें 11,21,225 कैंडिडेट्स ने हिस्सा लिया था।

# एक्शन में वनमंत्री... रोकी लकड़ियों से भरी पिकअप

बेधड़क | जयपुर

वनमंत्री संजय शर्मा ने नेशनल हाईवे 21 पर दौसा के पास लकड़ियों से भरी एक पिकअप को रुकवा लिया। चालक से लकड़ियों के बारे में जानकारी ली, लेकिन वह इस बारे में कोई संतुष्टिपूर्वक जवाब नहीं दे पाया। इस पर वन मंत्री ने दौसा डीएफओ को मौके पर बुलवाया और पिकअप की चाबी डीएफओ को सौंपकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद जयपुर के लिए रवाना हो गए। बताया जा रहा है कि मामला बुधवार सुबह करीब 10 बजे का है, जब मंत्री संजय शर्मा कार से जयपुर जा रहे थे। उन्होंने दौसा के पास इस कार्रवाई को अंजाम दिया। वन मंत्री द्वारा अवैध लकड़ी से भरी पिकअप पकड़ने की सूचना से दौसा के वन अधिकारियों में हड़कंप मच गया।



### बजट पूर्व चर्चा में बोले सीएम भजनलाल शर्मा...

# प्राप्त सुझावों को 2047 के विजन संग करेंगे बजट में शामिल

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में उद्योग की अपार संभावनाएं हैं। एक उद्योग की स्थापना से पूरे क्षेत्र का विकास होता है। उद्यमी न केवल रोजगार प्रदाता है बल्कि आपणो अग्रणी राजस्थान की नींव तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उद्योगपतियों से प्राप्त सुझावों के आधार पर इस तरह का बजट लाएगी, जिसमें राज्य का 2047 तक का विजन शामिल होगा।

शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में बजट पूर्व चर्चा के दौरान उद्योग, व्यापार एवं कर सलाहकार संघों के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे देश के उद्योगपति राज्य में निवेश करने के लिए उत्सुक हैं। राज्य सरकार उद्योगों के लिए इस तरह का वातावरण तैयार करेगी, जिसमें उद्योगपति को सभी तरह की सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिल सकें। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उद्योगों को अधिक से अधिक प्रोत्साहित कर रोजगार सृजन करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लघु उद्योगों के प्रोत्साहन के लिए 'वोकल फॉर लोकल' अभियान राज्य सरकार की प्राथमिकता है। सरकार लघु एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कृत संकल्पित है।



### उद्योगों को बिजली की समस्या से मिलेगी शीघ्र निजात

बैठक में कुछ उद्यमियों द्वारा उठाई गई बिजली की कमी की समस्या पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने 6 माह के कार्यकाल में ही बिजली आपूर्ति के लिए ऐतिहासिक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। साथ ही, सौर ऊर्जा एवं कुसुम योजना को भी राज्य सरकार लगातार प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा हजारों करोड़ों का घाटा बिजली के क्षेत्र में किया गया। उस सरकार द्वारा अगस्त-सितंबर में बिजली खरीदी गई जिसके फलस्वरूप हमें मई-जून की भीषण गर्मी में उधारी चुकानी पड़ रही है। शर्मा ने उद्योगपतियों से भी अपील की कि वे उद्योगों में सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग करें।

### दिया कुमारी और राज्यवर्धन सिंह ने भी किया संवाद

उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राज्य के औद्योगिक विकास के लिए सरकार एवं उद्योगपति मिलकर काम करेंगे तथा राज्य को इंडस्ट्री हब बनाया जाएगा। उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि हमारा लक्ष्य है ईज ऑफ डूइंग बिजनेस हो। साथ ही, उद्योगों की लागत कम हो जिससे अधिक से अधिक रोजगार सृजन हो सके। उद्योग राज्य मंत्री के.के. विश्नोई ने कहा कि उद्यमियों के अनुभवों एवं सुझावों का लाभ लेते हुए राज्य को औद्योगिक रूप से समृद्ध बनाया जाएगा।

**जरूरी खबर**

### ढेहर का बालाजी स्पेशल रेलसेवा का संचालन



**जयपुर।** रेलवे ने गर्मियों की छुटियों में अतिरिक्त यात्री भार को देखते हुए ढेहर का बालाजी-चूरू स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के स्पेशल रेलसेवा 7 अगस्त तक शनिवार को छोड़कर ढेहर का बालाजी से सुबह 6.40 बजे रवाना होकर रात 11.30 बजे चूरू पहुंचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09701 रविवार को छोड़कर) चूरू से 04.00 बजे रवाना होकर सुबह 9 बजे ढेहर का बालाजी पहुंचेगी।

### सीएम की पत्नी की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती

**जयपुर।** सीएम भजनलाल शर्मा की पत्नी की तबीयत बुधवार को अचानक से बिगड़ गई। उन्हें उपचार के लिए जयपुर के ईएचसीसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों की विशेष टीम द्वारा उनकी जांच जारी रही है। जानकारी के मुताबिक, दोपहर बाद सीएम की पत्नी गीता देवी की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें आनन-फानन में अस्पताल लाया गया। उस वक्त सीएम भजनलाल शर्मा बजट को लेकर उद्योगपतियों से चर्चा कर रहे थे। पत्नी के बीमार होने की सूचना के बाद सीएम अस्पताल पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों से पत्नी के स्वास्थ्य को लेकर जानकारी ली।

### राहगीरों को शीतलपेय पिला कर दी राहत



**जयपुर।** निर्जला एकादशी के अवसर पर खातीपुरा रोड झोटवाड़ा में राहगीरों को शीतलपेय पिलाकर सेवादारों ने पुण्य कमाया। इसमें विप्र कल्याण बोर्ड की पूर्व उपाध्यक्ष मंजू शर्मा भी शामिल हुई। सेवाकर्ता सत्यनारायण कुमावत ने बताया कि शिकंजी में 200 किलो नींबू और 300 किलो चीनी का उपयोग किया गया। एकादशी के व्रत को ध्यान में रखते हुए बिल्कुल शुद्ध तरीके से शिकंजी बनाई गई ।शिकंजी वितरण में मंजू शर्मा, नमिता अग्रवाल, पूर्वी साईवाल, मुकेश यादव, सोहनलाल, चुन्नीलाल, नानूराम, सतीश, गणेश, छोटेलाल, दीपू,मोनू, मेघराज, कैलाश, श्रवण, रामअवतार, ज्योति, तानिया आदि लोगो ने अपनी सेवाए दी।

**स्वास्थ्य भवन में आयोजित बैठक को स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने किया संबोधित**

# मौसमी बीमारियों को लेकर पुख्ता व्यवस्थाओं के दिए निर्देश

**बेधड़क** | जयपुर

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों एवं कार्मिकों को आगामी मानसून में मौसमी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम को लेकर अलर्ट किया है।



उन्होंने कहा है कि राजधानी से लेकर गांव-ढाणी तक मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं रहे। खींवसर बुधवार को स्वास्थ्य भवन में मौसमी बीमारियों से बचाव की तैयारियों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में जुलाई माह में मानसून आने की संभावना है। इसे देखते हुए मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया आदि मौसमी बीमारियों से बचाव, अतिवृष्टि की स्थिति में जलभराव, चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक मरम्मत कार्यों सहित आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर की जाए। उन्होंने कहा कि तात्कालिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आरएमआरएस में उपलब्ध राशि का युक्तिसंगत उपयोग किया जाए।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि संयुक्त निदेशक जोन एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी फील्ड में जाकर तैयारियों की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। बारिश शुरू होने से पहले सभी चिकित्सा संस्थानों में दवा, जांच, उपचार सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि नियंत्रण कक्षों का सुचारू संचालन हो। रेपिड रेस्पॉन्स टीमें अलर्ट रहें। जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के साथ बेहतर तालमेल रखा जाए। खींवसर ने कहा कि लू-तापघात से बचाव के लिए विभागीय अधिकारियों एवं कार्मिकों ने प्रभावी इंतजाम सुनिश्चित किए, जिसके कारण प्रदेश में हीटवेव जनित बीमारियों से लोगों को तत्काल राहत मिल सकी और मौतों की संख्या को नियंत्रित किया जा सका। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान भी इसी तरह संकल्पित भाव से काम करें।

### विभाग ने की एडवाइजरी जारी

चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा कि मौसमी बीमारियों पर रोकथाम को लेकर प्रदेश में स्थिति नियंत्रण में है। आगामी मानसून को देखते हुए एडवाइजरी जारी कर दी गई है। मौसमी बीमारियों पर रोकथाम एवं जल भराव आदि समस्याओं से निपटने के लिए जिला स्तर पर एक्शन प्लान बनाया जा रहा है। आवश्यक कार्य आरएमआरएस फण्ड में उपलब्ध राशि के माध्यम से किए जाने के निर्देश दे दिए गए हैं। सिंह ने बताया कि जलभराव की संभावना को देखते हुए चिकित्सा संस्थानों में सुरक्षात्मक उपाय अपनाने एवं आपातकालीन स्थितियों सहित विभिन्न तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश निचले स्तर तक दिए गए हैं। चिकित्सा अधिकारियों को कहा गया है कि मानसून को देखते हुए चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक मरम्मत कार्य समय पर करवाएं ताकि अस्पतालों में रोगियों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

### 'सफलता के 100 दिन' ब्रोशर का विमोचन

चिकित्सा मंत्री ने विभाग द्वारा प्रकाशित 'सफलता के 100 दिन' ब्रोशर एवं विभागीय योजनाओं व उपलब्धियों पर आधारित पुस्तक 'आपणो स्वस्थ राजस्थान' का विमोचन भी किया। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर, निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत राणावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सभी मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य, अधीक्षक, संयुक्त निदेशक जोन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, पीएमओ, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम आदि भी वीसी से जुड़े।

**ऊर्जा मंत्री नागर ने विंड एवं सोलर प्लांट अवलोकन के दौरान कहा...**

# देश-दुनिया में सौर ऊर्जा उत्पादन का सिरमौर बनेगा राजस्थान

**बेधड़क** | जयपुर

आने वाले समय में राजस्थान देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर में सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में सिरमौर बनेगा। हमारे यहां सौर ऊर्जा की भरपूर संभावना है। हाइब्रिड संयंत्र के जरिए पवन ऊर्जा और सोलर ऊर्जा के प्लांट एक साथ लगाए जा सकते हैं।

ये बात ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बुधवार को जैसलमेर जिले के माधोपुरा में अडाणी समूह के हाइब्रिड मॉडल पर आधारित विंड एवं सोलर प्लांट का अवलोकन के दौरान कही। इस दौरान ऊर्जा मंत्री ने पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर, फलोदी एवं जोधपुर जिलों के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने जैसलमेर जिले के माधोपुरा में अडाणी समूह के हाइब्रिड मॉडल पर आधारित विंड एवं सोलर प्लांट का अवलोकन किया। गौरतलब है कि राज्य में इस प्रथम हाइब्रिड मॉडल पर नवीकरणीय ऊर्जा के रूप में सौर ऊर्जा से 360 मेगावाट तथा पवन ऊर्जा से 101 मेगावाट उत्पादन की क्षमता पर आधारित प्लांट स्थापित हैं। नागर ने बताया कि राजस्थान प्रदेश को देश ही नहीं अपितु विश्वभर में सौर ऊर्जा उत्पादन में सिरमौर बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर और बीकानेर में सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा की भरपूर संभावना है। इसे साकार करते हुए पूरी तरह से विकास किया जाएगा।



### जनसुनवाई में सुनी आमजन की पीड़ा

ऊर्जा मंत्री ने बाड़मेर के शिव गांव में जन सुनवाई कर स्थानीय विद्युत समस्याओं के लिए संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि शिव क्षेत्र की बिजली समस्याओं के बेहतर समाधान के लिए गिरल द्वारा बन रहे 220 केवी सब स्टेशन से शिव को सीधी लाइन से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए विद्युत प्रसारण निगम को निर्देशित किया गया है कि इससे संबंधित संभावनाओं पर विचार-विमर्श कर यथोचित कार्रवाई करे। इससे शिव तक सीधी लाईन आ जाने पर शिव के स्वीकृत 132 केवी सब स्टेशन को जोड़ा जाकर कई वर्षों से चली आ रही मांग के पूरा होने का रास्ता खुलेगा। वर्तमान में सब स्टेशन की बजाय लाइन ओवरलोड होने की स्थिति सामने है जो करीब 13-14 किलोमीटर की है। इससे अर्से से चली आ रही मांग पूरी होगी और शिव क्षेत्र को सौगात मिलेगी, जिससे कि शिव क्षेत्र पर्याप्त बिजली सुविधाओं से लाभान्वित होने लगेगा। उन्होंने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं की विभिन्न शिकायतों एवं समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान होना चाहिए। ऊर्जा मंत्री ने फलौदी में भी जनसुनवाई की। इस दौरान आमजन की विद्युत संबंधी समस्याएं सुनी तथा उनके त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई में सामने आई तमाम समस्याओं और शिकायतों का शीघ्र समाधान कर प्रभावितों को राहत प्रदान करें।

### कई प्लांट्स में देखी व्यवस्थाएं

ऊर्जा मंत्री नागर ने बाड़मेर जिले के भादरेस स्थित राजवेस्ट के लिग्नाइट आधारित पॉवर प्लांट का भी अवलोकन किया। उन्हांने इस प्लांट को कोयले के आपूर्ति करने वाली माइंस को भी देखा। ऊर्जा मंत्री ने गिरल लिग्नाइट प्लांट का भी अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि यह प्लांट लिग्नाइट में सल्फर की मात्रा अधिक होने के कारण वर्ष 2016 से बंद है। उन्होंने कहा कि इस बारे में समुचित निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों को समुचित एवं युक्तिसंगत कार्रवाई के निर्देश दिए। राजवेस्ट प्लांट का अवलोकन करते हुए उन्होंने इसे बेहतर स्वरूप में सामने लाने पर जोर दिया और कहा कि राजवेस्ट को अच्छे काम के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार भी प्राप्त हो चुका है।

**बजट से पूर्व बड़ा प्रशासनिक फेरबदल**

## 81 अफसरों के ट्रांसफर, प्रमोशन पाने वालों को भी मिली पोस्टिंग



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र 3 जुलाई से शुरू होने वाला है। इस सत्र में भजनलाल सरकार अपना पूर्ण बजट पेश करेगी। इससे पूर्व कार्मिक विभाग ने बुधवार को 81 अधिकारियों के ट्रांसफर व पोस्टिंग की लिस्ट जारी की। इसमें डीएस, एपीओ निजी सचिव से लेकर एएस और एसओ तक का तबादला किया गया है। हाल ही में कई अधिकारियों को प्रमोशन दिया गया था, अब उन्हें भी पोस्टिंग दी गई है।

कार्मिक विभाग ने जो लिस्ट जारी की है, उसमें इसमें 5 डीएस का प्रमोशन सीनियर डीएस के रूप में किया गया है। जबकि 21 डीएस का तबादला किया गया है। वहीं एक एपीओ निजी सचिव की पोस्टिंग की गई है। इसके अतिरिक्त एक निजी सचिव, 22 एस और 31 एसओ का ट्रांसफर किया गया है। इधर, प्रदेश की भजनलाल सरकार पिछले एक सप्ताह से विभिन्न विभागों के साथ बजट को लेकर परामर्श बैठक कर रही है। बजट को लेकर विभागों में मौजूदा खामियों व इनके सुधार के लिए सुझाव भी लिए जा रहें है। बताया जा रहा है कि सरकार अपने पहले पूर्ण बजट में आमजन को बड़ी राहत देने के मूड में हैं। कार्मिक विभाग की ओर से 81 अफसरों के तबादलों व पोस्टिंग को इससे जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि ये रुटिन प्रक्रिया है। दूसरी ओर, सरकार का मानना है कि पूर्व की गहलोत सरकार में सचिवालय में लगाए गए अधिकारियों की परफॉर्मेंस को लेकर सुधार की गुंजाइश है। सरकार सचिव स्तर के काबिल अफसरों को बड़े पदों पर मौका देना चाहती है। हालांकि इसको लेकर सरकार की ओर से किसी भी प्रकार की प्रतिक्रिया नही आई है।

**पशुपालन मंत्री ने किया उप स्वास्थ्य केन्द्र का उद्घाटन**

## बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकार कटिबद्ध

**बेधड़क** | जयपुर

पशुपालन एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बुधवार को पाली विधानसभा क्षेत्र के खीमाड़ा ग्राम स्थित राजकीय जैनम उप स्वास्थ्य केंद्र के नव निर्मित भवन का लोकार्पण किया।



लोकार्पण के पश्चात कैबिनेट मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आमजन के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कटिबद्ध है, जिससे की उन्हें बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि इस उप स्वास्थ्य केन्द्र पर ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलेगी। निश्चित रूप से यह केंद्र स्थानीय व आस-पास के लोगों के लिए लाभदायक साबित होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र पर चौबीस घंटे बिजली की व्यवस्था हो इसके लिए पूर्ण व्यवस्था की जाए। इस दौरान पशुपालन मंत्री ने भामाशाहों द्वारा निर्मित भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सा कक्ष, सामान्य वार्ड, भण्डार, रक्त संग्रहण, दवा वितरण केंद्र आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस मौके पर उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

**को-ऑपरेटिव बैंक्स फेडरेशन के स्थापना दिवस में बोले सहकारिता मंत्री**

## विकास में बैंकिंग प्रणाली बुनियादी जरूरत

**बेधड़क** | जयपुर

सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने कहा कि किसी भी राज्य के विकास में बैंकिंग प्रणाली बुनियादी आवश्यकता है, इसके बिना व्यक्ति और समाज के वित्तीय उन्नयन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि जैसे किसी व्यक्ति की रोटी, कपड़ा और मकान प्राथमिक आवश्यकता है लेकिन अब इसमें बैंकिंग भी जुड़ गया है।




दक ने दि राजस्थान अरबन को-ऑपरेटिव बैंक्स फेडरेशन के स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में कहा कि राज्य के शहरी क्षेत्रों में अरबन को-ऑपरेटिव बैंकों का बहुत बड़ा योगदान है क्योंकि इनके माध्यम से व्यक्ति का समावेशी विकास हो रहा है और उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता मिल रही है। उन्होंने कहा कि बैंकिंग के माध्यम से व्यक्ति स्वयं की आर्थिक उन्नति के साथ-साथ अप्रत्यक्ष रूप से राज्य के विकास में योगदान देता है। इसलिए हमे ज्यादा से ज्यादा व्यक्तियों को बैंकिंग के दायरे में लाए जाने का प्रयास करना होगा। सहकारिता मंत्री ने कहा कि यदि प्रदेश में सहकारी बैंकिंग के प्रसार में समस्याए आ रही हैं तो उनका शीघ्र निपटारा किया जाएगा।

समारोह में जल संसाधन मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि राज्य सभा सांसद एवं फैडरेशन के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र गहलोत, फैडरेशन अध्यक्ष मोहन पाराशर, उपाध्यक्ष सतीश सरीन, चित्तौड़गढ़ अरबन बैंक के अध्यक्ष आई एम सेठिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**ब्रह्मलोक कॉरिडोर बनाने पर उठे विरोधी स्वर**

# जलदाय मंत्री व MLA बोले-जनभावना के अनुरूप कराया जाएगा विकास

**बेधड़क** | जयपुर

तीर्थराज पुष्कर में विश्व के इकलौते ब्रह्मा मंदिर को उज्जैन महाकाल की तर्ज पर कॉरिडोर बनाने की कवायद के बीच अब विरोध के स्वर भी तेजी से उठने लगे हैं। बुधवार को पुष्कर में तीर्थ पुरोहित और स्थानीय लोगों ने सड़क पर उतरकर ब्रह्मा मंदिर में कॉरिडोर बनाए जाने का विरोध जताया।

रैली निकालकर विरोध जता रहे लोगों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर और पीएम नरेंद्र मोदी व राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर कॉरिडोर नहीं बनाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान एसडीएम




कार्यालय में जल संसाधन मंत्री और पुष्कर विधायक सुरेश सिंह रावत पहुंचे, तो लोगों ने 'पुष्कर बचाओ' के नारे लगाकर विरोध जताया। इस विषय में रावत ने एसडीएम और नगर पालिका अध्यक्ष कमल पाठक से बातचीत की। रावत ने कहा कि कुछ लोग कॉरिडोर को लेकर अफवाहें फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि कॉरिडोर को लेकर जो भी विकास कार्य होंगे, वे स्थानीय लोगों को विश्वास में लेकर ही होंगे। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद पुष्कर तीर्थ के विकास का है। सीएम भजनलाल शर्मा दो बार पुष्कर आ चुके हैं। उनकी पुष्कर में गहरी आस्था है। अफवाहों के जरिए लोगों को भड़काया जा रहा है, लेकिन हम हमारा काम कर रहे हैं। पुष्कर के विकास में किसी को कोई नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। गौरतलब है कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद भाजपा राज में पुष्कर में कॉरिडोर बनाने की कवायद शुरू हुई। पिछले दिनों अजमेर विकास प्राधिकरण से अधिकारियों की एक टीम उज्जैन महाकाल में कॉरिडोर का अध्ययन करके भी आई है। राज्य सरकार के निर्देश पर एडीए की टीम ब्रह्मलोक कॉरिडोर का ड्राफ्ट बनाने की तैयारी भी कर रही है।

### टेंपल सिटी के रूप में हो पुष्कर का विकास

विरोध कर रहे लोगों का कहना है कि पुष्कर सतयुग का तीर्थ है। इसे तीर्थ ही रहने दिया जाए। पर्यटक स्थल नहीं बनाएं। टेंपल सिटी के रूप में पुष्कर का विकास करवाया जाए। साथ ही मंदिर परिसर में विकास करवाया जाए। मंदिर के बाहरी क्षेत्र में कॉरिडोर ना बनाएं। तीर्थ पुरोहित पुष्कर नारायण पाराशर ने कहा कि तीर्थ पुरोहित संघ ट्रस्ट की मांग है कि पुष्कर में कॉरिडोर नहीं होना चाहिए। व्यापारियों का कहना है कि इससे अनेक लोग बेरोजगार होंगे और जनभावनाएं आहत होंगी।

### सर्वे और मार्किंग से लोगों में डर

स्थानीय लोगों को एसडीएम ने आश्वासन दिया है कि किसी के भी घर या दुकान को नहीं छेड़ा जाएगा। वहीं एडीए की टीम की ओर से सर्वे और मार्किंग की जा रही है। इससे लोगों में डर का माहौल है। उधर सरकार ने भी योजना के बारे में पूरी तरह से खुलासा नहीं किया है। स्थानीय व्यापारी ने कहा कि पुष्कर छोटा कस्बा है। यहां कॉरिडोर बनाया जाना मुमकिन नहीं है। अयोध्या में जो स्थानीय लोगों के साथ हुआ, वह हमारे साथ नहीं होना चाहिए।

### सरकार तक पहुंचाएंगे जनभावना

पुष्कर उपखंड अधिकारी नितिन पोद्दार ने बताया कि लोगों को चिंता है कि उनके मकान-दुकान और अन्य प्रतिष्ठानों को कोई नुकसान ना हो और कोई तोड़फोड़ ना हो। पोद्दार ने कहा कि लोगों की भावना को राज्य सरकार तक पहुंचाया जाएगा। पुष्कर के स्थानीय लोगों की भावना को प्राथमिकता देते हुए ही विकास कार्य करवाया जाएगा। कॉरिडोर को लेकर शुरुआती स्तर पर काम चल रहा है। इसमें किस तरह के विकास कार्य होने चाहिए, उसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है।उधर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से भी सीएम भजनलाल शर्मा के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया गया। पुष्कर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष संजय जोशी ने पुष्कर कॉरिडोर से संबंधित संपूर्ण जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की गई है।

## जरूरी खबर

### अबू धाबी के लिए चार दिन चलेगी फ्लाइट



**जयपुर।** अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात-यूएई के नेशनल कैरियर, एतिहाद एयरवेज ने भारत के जयपुर के लिए अपनी उड़ानों की शुरुआत की है। बुधवार को रामबाग पैलेस में इसकी सक्सेस पार्टी आयोजित हुई। इसमें जयपुर सहित प्रदेशभर की ट्रेवल एजेंसीज के एक्सपर्ट को शामिल किया गया, जहां एतिहाद एयरवेज ने अपने प्लान को साझा किया। एतिहाद एयरवेज के सीईओ एंटोनोआल्डो नेवेस ने कहा कि भारत से विदेशों की यात्रा बढ़ने के साथ हमें जयपुर के लिए चार साप्ताहिक उड़ानों की शुरुआत करके बहुत खुशी हो रही है। जयपुर एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक एवं वाणिज्यिक केंद्र है। यह उड़ानें एयरबस ए320 एयरक्राफ्ट से संचालित की जाएंगी और मेहमानों को एतिहाद की पुरस्कार-विजेता सेवाओं का आनंद उठाने का मौका मिलेगा।

### युवक का कागज के गत्तों से जलाया हुआ शव मिला

**जयपुर।** सांगानेर सदर थाना इलाके में बुधवार दोपहर एक युवक का जला हुआ शव मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी मिलने पर सांगानेर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया गया। टीम ने क्राइम सीन के आस-पास से सबूत जुटाए। इसके बाद शव को एमजीएच अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। सांगानेर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पहचान छिपाने के लिए मृतक के चेहरे और शरीर को कागज के गत्तों से जला दिया गया। जानकारी के अनुसार अन्य जगह पर बदमाशों ने हत्याकांड किया सुनसान जगह पर आकर शव को जलाया। पुलिस ने आसपास के थानों में गुमशुदगी को लेकर मैसेज दिया है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**एसीबी ने पीएचईडी के एईएन और यूडीसी को 30 हजार की घूस लेते दबोचा**

# पानी कनेक्शन के मांगे 50 हजार, एक माह से लगवा रहे थे चक्कर

**बेधड़क** | जयपुर

पानी का कनेक्शन देने की एवज में 30 हजार रुपए की घूस लेते जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) के सहायक अभियंता (एईएन) और वरिष्ठ सहायक (यूडीसी) को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी एईएन बृजकिशोर डेनवाल और यूडीसी सुरेश कुमार शर्मा सिविल लाइन स्थित पीएचईडी खंड अष्ठम में कार्यरत हैं। एसीबी ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके उनसे घूस की राशि बरामद कर ली है। आरोपियों ने परिवादी से घूस के





60 हजार रुपए मांगे थे और पिछले एक माह से चक्कर लगवा रहे थे। आरोपी परिवादी को धमकी देते थे कि घूस नहीं देगा तो कनेक्शन जारी नहीं होगा। ट्रैप की कार्रवाई के बाद एसीबी ने दोनों आरोपियों के आवास व ऑफिस में सर्च की कार्रवाई की है। हालांकि, दोनों आरोपियों के आवास पर एसीबी को कुछ नहीं मिला। एसीबी अब दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। दोनों आरोपियों को एसीबी गुरुवार को कोर्ट में पेश करके जेल भेजेगी।

### 60 हजार मांगे थे, 50 में हुआ था सौदा

एसीबी के डीजी रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि पिछले सप्ताह एक परिवादी ने शिकायत दी थी। परिवादी का आरोप था कि उसका सिविल लाइन इलाके में प्लॉट है और उसने प्लॉट में पानी के कनेक्शन के लिए पीएचईडी कार्यालय में फाइल लगाई है, लेकिन वहां पर एईएन बृजकिशोर डेनवाल व यूडीसी सुरेश कुमार शर्मा फाइल पर कनेक्शन जारी नहीं कर रहे है और चक्कर लगवा रहे हैं। आरोपी सुरेश कुमार शर्मा व बृजकिशोर कनेक्शन जारी करने के लिए 60 हजार रुपए की डिमांड कर रहे हैं।

### सत्यापन के बाद किया ट्रैप

शिकायत के आधार पर एडिशनल एसपी भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई और मामले का सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान कनेक्शन जारी करने के लिए परिवादी व आरोपियों के बीच 50 हजार रुपए में सौदा तय हुआ। आरोपियों ने सत्यापन के दौरान परिवादी से 20 हजार रुपए घूस के लिए थे और बुधवार को बाकी के 30 हजार रुपए लेकर ऑफिस बुलाया था। जहां पर बृजिकिशोर व सुरेश कुमार को एसीबी ने परिवादी से 30 हजार रुपए की घूस लेते गिरफ्तार कर लिया।

**मानसरोवर: अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई दूसरे दिन भी रही जारी**

# 27 कॉलोनियों में 3 घंटे तक गरजा बुलडोजर, 50 मकान- दुकान तोड़े

## लोगों के आरोप... चहेतों को छोड़ा ... और बाकी को सामान भी नहीं निकालने दिया

**बेधड़क** | जयपुर

मानसरोवर इलाके की 27 कॉलोनियों में जयपुर विकास प्राधिकरण ने बुधवार को दूसरे दिन भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। हाईकोर्ट के आदेश पर एरिया की सड़क चौड़ी करने के लिए अवैध निर्माण तोड़े जा रहे हैं। अभियान के दूसरे दिन भी शुरुआत में जेडीए व पुलिस अधिकारियों को लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। करीब तीन घंटे चली कार्रवाई में 50 से ज्यादा अवैध निर्माण तोड़े गए।

इनमें मकान-दुकानें व अन्य स्ट्रक्चर शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान जेडीए पर भेदभाव व मनमानी के आरोप भी लग रहे हैं। लोगों का कहना है कि सभी के खिलाफ समान कार्रवाई होनी चाहिए। अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। किसी के अवैध निर्माण को छोड़ा जा रहा है, किसी का हटाया जा रहा है। कई घरों से सामान भी निकालने का मौका नहीं दिया गया। वहीं, जेडीए ने सभी आरोपों को गलत बताया है। अधिकारियों का कहना है कि अवैध निर्माण तोड़ने से एक महीने पहले ही नोटिस दिए गए थे। इससे पहले मंगलवार को अतिक्रमण तोड़े गए थे। दरअसल, न्यू सांगानेर रोड (मानसरोवर) से वंदे भारत रोड तक प्रस्तावित 100 फुट चौड़ी सड़क बनाने के लिए करीब 1.8 किलोमीटर एरिया से अतिक्रमण हटाया जा रहा है।



फोटो: पंकज शर्मा



### 600 से ज्यादा को नोटिस, हटाने के लिए 5 दिन का वक्त

बुधवार को जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा मेट्रो स्टेशन पिलर से सांगानेर पुलिया तक 200 फुट सेक्टर (न्यू सांगानेर) रोड में आ रहे 600 से ज्यादा अवैध निर्माण को ध्वस्त करने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। इसके तहत सभी अतिक्रमियों को 5 दिन में अवैध निर्माण हटाने का वक्त दिया है। ऐसे में अगर इसके बाद भी न्यू सांगानेर रोड से अवैध निर्माण नहीं हटाए गए तो जयपुर विकास प्राधिकरण की टीम 26 जून से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू करेगी। जयपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य नियंत्रक महेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि अवैध निर्माण के खिलाफ जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### 5 जेसीबी और 200 पुलिसवाले

जयपुर विकास प्राधिकरण ने बुधवार सुबह 10 बजे से कार्रवाई शुरू की थी। करीब दो घंटे बाद टीमों ने 20 से ज्यादा मकान-दुकानों से अवैध अतिक्रमण हटाया। कार्रवाई में 200 से ज्यादा पुलिसवाले और कई मशीनें लगे। इनमें जेडीए के प्रवर्तन दस्ते के 50 से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारी, 100 पुलिस कर्मचारी और जोन स्तर के 50 से अधिक कर्मचारी मौजूद थे। इस दौरान 5 जेसीबी, 3 ड्रिल मशीन (दो बड़ी, एक छोटी) के साथ ही 10 से ज्यादा डंपर और ट्रैक्टर की मदद से अवैध निर्माण हटाया गया।

### पूरी सड़क क्लीन करने का टारगेट

जयपुर विकास प्राधिकरण जोन-19 के जेईएन गौरव भारद्वाज ने बताया कि 60 से 65 निर्माण तोड़ने का लक्ष्य रखा गया था। इनमें 30 आवासीय मकान, जबकि 30 दुकान भी शामिल थे। इन्हें तोड़ने से पहले समझाइश कर आम जनता से उनके मकान और दुकान खाली कर लिए गए, ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सके। कुछ लोगों द्वारा हल्का विरोध किया गया। इस पर काबू करने के लिए अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया गया था।

**अब आया स्कूल को उड़ाने का ई-मेल**

# बम छिपाए हैं... जल्द फूटेंगे, तुम सब मर जाओगे




**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में मंगलवार को एयरपोर्ट और दो निजी कॉलेजों को बम से उड़ाने की धमकी के बाद बुधवार को एक स्कूल को ऐसा ही धमकाने वाला मेल मिला।

धमकी चांदपोल स्थित पारीक स्कूल को मिली है। मेल में लिखा था-बम कभी भी फट सकता है। आप सभी जल कर राख हो जाओगे। मेल सुबह करीब 9 बजे स्कूल प्रशासन को मिला था, जिस पर पुलिस को जानकारी दी गई। सूचना मिलने पर बम निरोधक दस्ता, पुलिस लाइन से जाब्ता, एटीएस और एसओजी के साथ क्यूआरटी की टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने पूरे परिसर को खाली कराया। सर्च करना शुरू किया। स्कूल को जो मेल मिला वो अंग्रेजी में लिखा हुआ था।

धमकी भरे मेल में लिखा था- स्कूल में विस्फोटक छिपाए गए हैं, बम जल्द ही फूटेंगे। तुम सब मर जाओगे। बम कभी-भी फट सकता है। मुझे आशा है कि आप सभी जल कर राख हो जाओगे।

### 36 घंटे में तीसरी धमकी मिली

मंगलवार को भी एसएसजी पारीक पीजी कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इसके बाद तीन घंटे पुलिस ने सर्च किया था। सर्च खत्म होते ही जयपुर एयरपोर्ट पर बम की सूचना मिली थी। पुलिस टीमें एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गई थीं। अब बुधवार सुबह फिर पारीक स्कूल में बम का मेल मिला है। पुलिस को इस मेल करने वाले की पुख्ता जानकारी नहीं मिल पा रही है।

### साइबर सेल जांच में जुटी

जयपुर पुलिस अब तक मेल करने वाले को सर्च नहीं कर पाई है। पुलिस का कहना है कि मेल करने वाले के सिस्टम का आईपी एड्रेस ट्रेस नहीं हो पा रहा है। राजस्थान पुलिस की साइबर सेल इस पर काम कर रही है।

**एसीबी को पिछले सप्ताह सर्च में मिले थे दस्तावेज**

# भोमाराम की पत्नी पर भी आय से अधिक संपत्ति का केस

**बेधड़क** | जयपुर

भोमाराम और उनकी गृहणी पत्नी सुनीता वर्मा ने 28 साल के कार्यकाल में करोड़ों रुपए की संपत्तियों की खरीद कर ली। इनमें आठ प्लॉट, दो फ्लैट, दुकानें व पेट्रोल पंप शामिल हैं।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने दस्तावेजों की जांच पड़ताल के बाद दी राजस्थान स्टेट कॉपरेटिव बैंक के प्रबंध निदेशक भोमाराम व उनकी पत्नी सुनीता वर्मा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मुकदमा दर्ज किया है। सुनीता वर्मा गृहणी थी। इसके बाद भी लाखों रुपए की संपत्तियां बना ली। दरअसल एसीबी ने पिछले सप्ताह एक गोपनीय सूचना के




आधार पर भोमाराम के जयपुर व नागोर स्थित ठिकानों पर छापे मारे थे। एसीबी को सर्च के दौरान भोमाराम के पास करोड़ों रुपए की प्रोप्टीं के दस्तावेज मिले थे। उन दस्तावेजों की जांच में सामने आया कि भोमाराम ने 1996 में सहायक निदेशक सहकारिता के पद पर ज्वॉइन किया था। वर्तमान में एडिशनल रजिस्ट्रार सहकारिता विभाग व प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत है।

### अब तक 3.72 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्तियां

ज्वॉइन करने से अब तक भोमाराम ने खुद के नाम व पत्नी सुनीता वर्मा के नाम से 3.72 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्तियां अर्जित की है। जबकि, इस अवधि के दौरान भोमाराम ने खर्चा 1.30 करोड़ रुपए से ज्यादा का दिखा रखा है। यानी कुल आय व संपत्तियां इस अवधि में भोमाराम व उसकी पत्नी की 5 करोड़ रुपए से ज्यादा की है, जबकि भोमाराम की वेतन-भत्तों समेत अन्य से शुद्ध आय केवल 2.56 करोड़ रुपए ही थी। एसीबी की जांच में भोमाराम व उसकी पत्नी के पास 2.46 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्तियां मिली है। यानी भोमाराम व पत्नी के पास आय से 96.29 फीसदी ज्यादा संपत्तियां एसीबी को मिली है। इसके आधार पर एसीबी ने मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### फ्लैट, प्लॉट और दुकानें

एसीबी की जांच में सामने आया कि आरोपी भोमाराम व उसकी पत्नी के नाम से चित्रकूट स्कीम वैशालीनगर में एक बेशकीमती प्लॉट है। इसकी कीमत करोड़ों रुपए में है, जबकि महला में एक बड़ी स्कीम में दो प्लॉट, बिंदायका में एक प्लॉट, रोहिणी-2 में एक प्लॉट, बालाजी रेजिडेंसी और सांगानेर में दो फ्लेट होने के दस्तावेज मिले हैं। एसीबी ने डीएलसी रेट के आधार पर इन प्रोपर्टियों की वैल्यू तय की है। हालांकि, बाजार भाव की माने तो प्रोप्टी की कीमत तीन गुना से ज्यादा है।

"सर्च की कार्रवाई के दौरान जो दस्तावेज मिले हैं। उनकी जांच के बाद में भोमाराम के साथ पत्नी को भी आरोपी बनाया है। अब आगे की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**रविप्रकाश,** मेहरड़ा, डीजी, एसीबी

### दो दिन और नहीं मिलेगी गर्मी से राहत!

**जयपुर।** प्रदेश में जारी भीषण गर्मी का दौर फिलहाल जारी है। मौसम विभाग की माने तो आगामी दो दिन गर्मी से राहत नही मिलने वाली है। अधिकतर जिलों में हीटवेव के अलर्ट के साथ रात व दिन के तापमान में बढ़ोतरी की संभावना जताई गई है। हालांकि, प्रदेश में बीते 24 घंटे में पूर्वी इलाकों के कुछ भागों में हुई बारिश ने गर्मी से आंशिक राहत दिलाई है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे में प्रदेश में प्री मानसून गतिविधियां शुरू होने की संभावना जताई है। जयपुर में रात के तापमान में पारा 2.7 डिग्री गिरकर 30.8 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में 24 जून से बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी की संभावना जताई है।

## जरूरी खबर

### पीएम स्वनिधि योजना के तहत मांगे आवेदन




**सीकर।** नगर परिषद की ओर से पीएम स्वनिधि योजना के तहत असंगठित क्षेत्र के कामगारों से ऋण के लिए आवेदन मांगे हैं। परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने बताया कि दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के स्ट्रीट वेंडर योजना के अन्तर्गत रेहडी, ठेले, थडी, फेरीवाले एवं मजदूरी वाले को बैंक से ऋण दिया जा रहा है। इसमे रेहडी, ठेले, थडी, फेरीवाले, रंगेरोगन, सिलाई करने सहित असंगठित क्षेत्र के मजदूर आवेदन कर सकते हैं। आचार संहिता लगने के कारण आवेदन प्रकिया बंद कर दी गई थी, जिसे अब पुनः प्रारंभ कर दिया गया है।

### 45 किलो डोडा चूरा जब्त, एक आरोपी नामजद

**चित्तौड़गढ़।** जिला विशेष टीम व मंगलवाड थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में एक ढाबे पर दबिश देकर 45.420 किलोग्राम अवैध डोडा-चूरा जब्त कर ढाबा मालिक नेगडिया निवासी भैरू लाल गुर्जर को नामजद किया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि सूचना मिली कि मंगलवाड थाना क्षेत्र में उदयपुर-चित्तौडगढ नेशनल हाईवे स्थित पंजाबी ढाबा नीलकंठ होटल के पीछे भैरू लाल गुर्जर ने डोडा चूरा का भंडारण कर रखा है। इस सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। टीम को देखकर एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों में भाग गया। तलाशी में ढाबे पर बने दो कमरों के पास हॉल के पीछे बाथरूम के पास तीन प्लास्टिक के कट्टों में डोडा-चूरा रखा मिला।

### बार एसोसिएशन ने किया न्यायाधीश का स्वागत



**चाकसू।** दी बार एसोसिएशन चाकसू की ओर से नवनियुक्त अपर जिला न्यायाधीश क्रम संख्या-11 जयपुर महानगर सांगानेर देवेंद्र सिंह पवार का स्वागत किया। अध्यक्ष एडवोकेट एन. एल. शर्मा ने न्यायाधीश पंवार को स्मृति चिह्न प्रदान किया। इस अवसर पर अधिवक्ता विष्णु शर्मा, शिवजी लाल शर्मा मौजूद रहे। इस अवसर पर अपर जिला न्यायाधीश देवेंद्र सिंह पवार ने आमजन को न्याय प्रदान करने के लिए मिलजुल कर कार्य करने की बात कही।

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल 'एक व्यक्ति, एक वृक्ष' को सफल बनाने का किया आह्वान

# मानसून से पहले जनसहभागिता से लगाए जाएंगे 23 लाख पौधे

**बेधड़क** | सीकर



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से प्रदेश को हराभरा बनाने के लिए शुरू किए गए 'एक व्यक्ति, एक वृक्ष' अभियान को जिले में सफल बनाने के लिए जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर पूर्व तैयारियों के संबंध में मीडिया को जानकारी दी।

उन्होंने पौधारोपण के लिए पौधों की उपलब्धता, स्थान चिह्निकरण, विभिन्न विभागों, संस्थानों को आवंटित लक्ष्य एवं अब तक की गई तैयारियों की जानकारी दी। इस दौरान कलेक्टर ने अपील करते हुए जिलेवासियों से कहा कि जिले में प्रत्येक व्यक्ति मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की इस पहल में अपना योगदान देकर स्वयं के एवं आने वाली पीढी के हित में अपनी अहम भूमिका अदा करें। इस गर्मी ने हमें वृक्ष की शीतल छाया, पानी, शुद्ध प्राणवायु आदि जीवनदाई तत्वों के महत्व को बखूबी समझाया है। इन सब की कमी को पूरा करने के लिए सघन पौधारोपण की आवश्यकता की और संकेत दिया है। इसे किसी भी हालत में दरकिनार नहीं किया जा सकता। मानवीय जीवन की इसी आवश्यकता के मर्म को संवेदनशीलता से समझते हुए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार ने इस अभियान की शुरूआत की है। इसमें जिले के वन विभाग, शिक्षा, वाटरशेड, पंचायतराज सहित अन्य विभागों, समस्त राजकीय अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित लक्ष्य के अनुसार अपनी भूमिका निभाएंगे। साथ ही आमजन, प्रकृति प्रेमी, सामाजिक एवं निजी संस्थाओं को भी 'एक व्यक्ति, एक वृक्ष' अभियान में अपनी अहम भूमिका सुनिश्चित करने का सुनहरा अवसर मिला है।

### इन जगहों पर होगा पौधारोपण

जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने बताया कि सीकर जिले में सघन वृक्षारोपण अभियान के माध्यम से हरित सीकर बनाने के लिये 23 लाख पौधों को मानसून से पहले लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्कूल, आंगनवाडी में फलदार पौधे लगाये जायेगे, जिसके लिये विद्यालय, गौशाला, शमशान एवं चारागाह में नीम, करंज, पीपल, बरगद आदि छायादार पेड़, फतेहपुर बीड़ में धामन घास एवं पशुधन के लिये अन्य उपयोगी घास लगाई जायेगी। 42 चारागह राजिविका की महिला सहायता समूह की महिला सदस्यों को आवंटित किया गया है।

### फल व छायादार पेड़ों को देंगे प्राथमिकता

जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने बताया कि शिक्षा विभाग की समस्त सरकारी एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों के द्वारा खेल मैदान तथा संरक्षित क्षेत्रो में छायादार, फलदार पौधे लगाए जाएंगे। सी.एस.आर. के तहत सीकर शहर के आस-पास के क्षेत्रो में पौधारोपण एन.जी.ओ.सामाजिक संगठनो, व्यापार मंडल, कृषि उपज मंडी एवं अन्य संस्थानों के सहयोग से करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कोचिंग संस्थानो को शहरी क्षेत्र के नजदीक बीड़, नगर परिषद, नगरपालिका क्षेत्र के पार्क एवं सड़क मार्ग के दोनो तरफ पौधारोपण करवाया जाएगा। वहीं मठ-मंदिरों, आश्रमों, गोशालाओं में भी पौधारोपण करवाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंचायतीराज एवं वन विभाग के द्वारा विशेष अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक घर चारागाह एवं वन संरक्षित क्षेत्र में पौधे लगाकर संरक्षित किया जाएगा।

बिजली-पानी को लेकर फूटा किसानों का आक्रोश... किया प्रदर्शन

# कलेक्ट्रेट में प्रवेश का प्रयास पुलिस से हुई धक्का-मुक्की

**बेधड़क** | डीडवाना



प्रदेश में बिजली और पानी की समस्या लगातार गहराती जा रही है। भीषण गर्मी के बीच अघोषित बिजली कटौती के चलते पानी सप्लाई भी बाधित हो रही हे। इसके चलते झुलसाती गर्मी में लोगों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। इस समस्या से आमजन के साथ किसान भी खासे प्रभावित हो रहे हैं।

बिजली-पानी की समस्या को लेकर बुधवार को डीडवाना जिले में किसानों के सब्र का बांध टूट गया। अखिल भारतीय किसान सभा की ओर से जिला कलेक्ट्रेट पर धरना और प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में डीडवाना के साथ ही लाडनूं और मौलासर के किसान तथा बड़ी संख्या में सरपंच और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान प्रदर्शनकारी किसानों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सरकार को बिजली पानी जैसे मुद्दों पर असफल बताया। प्रदर्शन के दौरान गुस्साए किसान जबरन कलेक्ट्रेट कार्यालय में घुस गए, जिन्हें पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। इसे लेकर काफी देर तक पुलिस और प्रदर्शनकारी किसानों के बीच धक्का-मुक्की और बहस भी हुई, लेकिन फिर भी प्रदर्शनकारी किसान कलेक्ट्रेट कार्यालय के अंदर जबरन घुस गए।

### कोई सुनवाई करने वाला नहीं

किसान नेता भागीरथ यादव ने आरोप लगाया कि स्थिति इस कदर दयनीय है कि भीषण गर्मी में आधी रात के समय भी बिजली कटौती की जा रही है और सुनवाई करने वाला कोई नहीं है। यही हालत पानी को लेकर भी है। गांवों में नहरी परियोजना की लाइनें बिछा दी गई हैं, लेकिन गांव में न तो जलापूर्ति हो रही है और ना ही टैंकरों से सप्लाई की जा रही है। इससे ग्रामीण पानी के लिए भी भटकने को मजबूर हैं। इस पर जिला कलेक्टर ने कहा कि बिजली, पानी को लेकर प्रशासन गंभीर है और अधिकारियों को तत्काल समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं। घोषित कटौती के अलावा अघोषित कटौती नहीं करने दी जाएगी। साथ ही संकटग्रस्त गांव में टैंकरों से पेयजल सप्लाई देकर जनता को राहत पहुंचाई जाएगी।

### अधिकारियों पर मनमर्जी का आरोप

इस दौरान किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल जिला कलेक्टर बाल मुकुंद असावा से मिला और क्षेत्र में व्याप्त बिजली कटौती और पेयजल संकट से जनता को होने वाली समस्याओं से अवगत करवाया। किसान नेता भागीरथ यादव ने बताया कि पूरे जिले में अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। कटौती का कोई समय फिक्स नहीं है। विद्युत निगम के अधिकारी मनमर्जी से तीन-चार घंटे तक बिजली कटौती कर रहे हैं।

गुस्साए लोगों ने बंद कराए बाजार

## सब्जी मंडी में मांस के टुकड़े फेंकने से बवाल, पुलिस ने भांजी लाठियां



**बेधड़क** | अजमेर


सब्जी मंडी में मांस के टुकड़े फेंके जाने से जिले में बुधवार को बवाल मच गया। मांस के फैंकने का वीडियो वायरल होने के बाद गुस्साए लोगों ने बाजार बंद करा दिया। इस पर पुलिस ने लाठीचार्ज करते हुए लोगों को खदेड़ा। मामला किशनगढ़ सब्जी मंडी का है।

वायरल हुए वीडियो में स्कूटी सवार एक शख्स सब्जी की एक दुकान के सामने मांस के टुकड़े फैंकते दिख रहा है। वीडियो वायरल होते ही बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए और विरोध-प्रदर्शन करते हुए दुकानें बंद कराने लगे। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और विरोध-प्रदर्शन कर रहे लोगों को पहले समझाने का प्रयास किया। आक्रोशित लोगों पर पुलिस की समझाइश का कोई असर नहीं हुआ और वे पथराव करने लगे। पथराव के बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर लोगों को खदेड़ा। घटना के बाद किशनगढ़ में स्थिति नियंत्रण में लेकिन तनावपूर्ण बताई जा रही है। घटना के बाद विरोध में करीब तीन घंटे तक सब्जी मंडी में हिंदूवादी संगठनों का प्रदर्शन चलता रहा। भीड़ ने बाजार बंद करा दिया और लोग मांस फेंकने वाले आरोपी पर कार्रवाई की मांग करते रहे। स्थिति को देखते हुए उपखंड अधिकारी अर्चना चौधरी, एडिशनल एसपी दीपक कुमार, सीओ सिटी महिपाल सिंह सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से समझाइश की। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है और आगे मामले की छानबीन की जा रही है। पुलिस ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।

पुलिस ने दो जगहों पर दबिश देकर पांच साइबर ठग दबोचे

## सेक्सटॉर्शन से ब्लैकमेलिंग और फर्जी विज्ञापन से करते थे ठगी

**बेधड़क** | अलवर



साइबर अपराध के विरुद्ध अलवर जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन एंटीवायरस के अंतर्गत थाना वैशाली नगर एवं नौगांवा पुलिस ने दो स्थानों पर दबिश देकर 5 साइबर ठगों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से ठगी में प्रयुक्त 6 मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि थाना वैशाली नगर एसएचओ सीताराम सैनी मय टीम द्वारा सूर्य नगर मोड़ क्षेत्र में लोगों को जाल में फंसाने वाले राहुल जाटव (19) व सुनील जाटव (22) निवासी अलापुर थाना अकबरपुर एवं केदार जाटव (28) निवासी घाट खातीवास थाना बड़ौदा मेंव अलवर को गिरफ्तार कर तीन मोबाइल जब्त किए गए। इसी प्रकार नौगांवा थाना अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने जाब्ते सहित पाटा गांव में दबिश देकर साइबर ठग साहिल मेव (19) एवं वसीम खान (21) निवासी गांव जग्गू का बास पाटा थाना नौगांवा को गिरफ्तार कर तीन एंड्राइड मोबाइल जब्त किए गए। एसपी शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी शातिर साइबर ठग है। इन्होंने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी नंबर से फेक प्रोफाइल बना रखी है। आरोपी सोशल मीडिया पर वाहन बेचने व पेन-पेंसिल का ऐड देकर अनजान लोगों को अपने जाल में फंसा एवं सेक्सटॉर्शन के जरिए ब्लैकमेल कर ठगी करते थे।

पावर प्लांट से बिजली को 220 केवी लाइन पर किया जा रहा सप्लाई

## लाइन में फॉल्ट, एक इकाई का शटडाउन

**बेधड़क** | झालावाड़




जिले के कालीसिंध थर्मल पावर प्लांट से विद्युत प्रसारण निगम तक जाने वाली 400 केवी विद्युत सप्लाई लाइन में अचानक फाल्ट आ गया। इसके चलते पावर प्लांट की दोनों इकाइयों को कुछ समय के लिए बंद करना पड़ा।

बाद में उच्च अधिकारियों से मिले निर्देश के बाद प्लांट की सिर्फ एक इकाई को शुरू कर 220 केवी लाइन से विद्युत प्रसारण शुरू किया गया है। मामले की जानकारी देते हुए कालीसिंध थर्मल पावर प्लांट के सहायक अभियंता अजय विजयवर्गीय ने बताया कि प्लांट से वितरण निगम तक जाने वाली 400 केवी सप्लाई लाइन में अचानक फाल्ट आ गया था, जिसके चलते प्लांट की दोनों इकाई को बंद करना पड़ा। ऐसे में बाद में निगम के निर्देश पर प्लांट की सिंगल यूनिट को कम लोड पर शुरू कर विद्युत उत्पादन चालू करवाया दिया गया है। सहायक अभियंता ने बताया कि फिलहाल पावर प्लांट से विधुत को 220 केवी लाइन पर प्रसारित किया जा रहा है।

एहतियातन कालीसिंध थर्मल पावर प्लांट की एक ही यूनिट संचालित की जा रही है। फॉल्ट ठीक हो जाने के बाद विद्युत वितरण और प्रसारण निगम के अगले निर्देश पर दोनों यूनिट को फुल लोड पर संचालित कर दिया जाएगा।

### ग्रामीणों ने दिया धरना

इधर थर्मल पावर प्लांट की सप्लाई में अचानक आए फाल्ट से इसका प्रभाव झालावाड़ जिले में हो रही विद्युत सप्लाई पर देखने को मिला। जिले के मनोहरथाना, अकलेरा, असनावर, भिलवाडी सहित ग्रामीण अंचल के दर्जनों गांवों में ग्रामीणों को ब्लैक आउट का सामना करना पड़ा। वहीं, उमस भरी गर्मी में लोग परेशान होते नजर आए। ब्लैकआउट से नाराज ग्रामीणों ने बुधवार को डिस्कॉम कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन भी किया। जिले के असनावर कस्बे में ग्राम वासियों ने 24 घंटे में विद्युत सप्लाई सुचारु न होने पर धरना प्रदर्शन तथा डिस्कॉम कार्यालय पर ताला जड़ने की बात कही है।

विधायक बैरवा ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

# खुशखबरी: विकास की राह पर चाकसू... 40 बड़े शहरों में हुआ शामिल

**बेधड़क** | चाकसू



नगरीय विकास विभाग ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर प्रदेश के 40 बड़े शहरों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विकास की महत्वपूर्ण योजना तैयार की है। इस महत्वाकांक्षी योजना में चाकसू नगरपालिका क्षेत्र को भी शामिल किया गया है। इसको लेकर विधायक रामावतार बैरवा सहित कई जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया है।

विधायक रामावतार बैरवा व कृषि मंडी के पूर्व चेयरमैन कैलाश शर्मा ने बताया कि 40 शहरों के सुनियोजित विकास के लिए 18 हजार 500 करोड़ रुपए व्यय करने का प्रस्ताव है। इस राशि में 70 प्रतिशत यानी 13 हजार करोड़ रुपए विश्व बैंक और एशियन विकास बैंक से ऋण के रूप में लिया जाएगा। साढ़े पांच हजार करोड़ रुपए राज्य सरकार वहन करेगी। खुशी इस बात की है कि डेवलपमेंट को इन्वेस्टमेंट के साथ लिंक किया गया है।

शहरों का विकास होगा तो निवेशक भी पहुंचेंगे राजस्थान शहरी आधारभूत विकास परियोजना के पांचवें चरण में होगा। जानकारी के अनुसार इस प्रक्रिया में छह महिने लगने की संभावना हैं।

विधायक एवं कृषि मंडी के पूर्व चेयरमैन सहित नगर मंडल के रामधन सैनी, पार्षद दिनेश शर्मा सहित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने चाकसू के विकास को लेकर की गई इस पहल के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया।

### व्यवस्था में सुधार की मांग, बिजली दफ्तर पहुंचे भाजपाई



चाकसू में जनता को राहत के लिए यंहा के भाजपाई पुरी तरह सक्रिय हो गए। इसके के तहत बुधवार को भाजपा वरिष्ठ नेता व पूर्व कृषि उपज मंडी के चेयरमैन कैलाश शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी के नेतृत्व में एक शिष्ट मंडल बिजली विभाग पहुंच गया। क्षेत्र में बिजली की समस्याओं को लेकर अधिकारियों को जमकर आड़े हाथ लेते हुए ढंग से कार्य करने की नसीहत दी। क्षेत्र में बिजली व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर अधिकारी से विस्तृत चर्चा की। लोड सेटिंग के नाम पर हो रही बिजली की अघोषित कटौती पर नाराजगी जाहिर की। क्षेत्र में कमजोर और खराब विद्युत ट्रांसफार्मरों को बदलने व जहां कई झूलते व नंगे विद्युत तार हैं उन्हें ठीक करने की मांग रखी। इस दौरान भाजपा के पदाधिकारियों ने कहा कि मानसून को देखते हुए लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी। इस पर विद्युत विभाग के सहायक अभियंता ने भाजपाइयों को बिजली व्यवस्था में सजगता से सुधार कार्य करने का भरोसा जताया। शिष्ट मंडल में पार्षद विनोद राजोरिया, पूर्व पार्षद चंदन गुर्जर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### पूर्व मंत्री ने सांसद चांदोलिया को दी बधाई



**चाकसू।** पूर्व राज्यमंत्री विकेश खोलिया ने योगेंद्र चांदोलिया के उत्तर पश्चिमी दिल्ली से सांसद बनने पर खुशी जताई है। खोलिया ने सांसद चांदोलिया से उनके दिल्ली करोल बाग स्थित आवास पर मुलाकात की और उन्हें बुके भेंट कर जीत की बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री खोलिया ने कहा कि 35 वर्ष बाद रैगर समाज के व्यक्ति को लोकसभा में प्रत्याशी का टिकट मिला और भारी मतों से विजय मिली। इसके लिए विकेश खोलिया सहित रैगर समाजबंधुओं ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट किया। गौरतलब है कि पूर्व मंत्री खोलिया दिल्ली प्रवास पर रहकर कई केंद्रीय नेताओं से शिष्टाचार मुलाकात कर रहे हैं। इस दौरान वे जनप्रतिनिधियों से चाकसू के विकास को लेकर भी चर्चा कर रहे हैं।

### राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग नृत्य और योग चेतना रैली का आयोजन

# योग दिवस पर विदेशी छात्रों के परिजनों को जोड़ेंगे: प्रो. संजीव शर्मा

बेधड़क | जयपुर

आगामी 21 जून को 10 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। योग दिवस को लेकर सभी लोगों में उत्साह बना हुआ है। वहीं चिकित्सा संस्थानों और विभागों की ओर से भी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी कड़ी में शहर के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 के उपलक्ष्य में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया। संस्थान के परिसर में सुबह 6 बजे से हुए योगाभ्यास में 1500 से अधिक विद्यार्थियों, अध्यापकों, और सामान्य जन ने भाग लिया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार की आयुष सचिव पूनम ने योग की स्वास्थ्य उपयोगिता और आधुनिक जीवन में आयुर्वेद की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने संस्थान द्वारा योग के महत्व और चल रही प्रक्रियाओं पर बल दिया। योगानृत्य के बाद संस्थान प्रांगण से बड़ी चौपड़ हवामहल तक एक योग चेतना



रैली का आयोजन हुआ। जिसे कुलपति और मुख्य अतिथि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान और अपेक्स इंस्टिट्यूट के विद्यार्थी, अधिकारी, और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास सफल रहा।

## जंतर-मंतर पर सुबह 6 बजे से कार्यक्रम

दोपहर 1 बजे आयोजित पत्रकार वार्ता में कुलपति ने आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 के आयोजन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का आयोजन 21 जून को जयपुर के प्रसिद्ध जंतर-मंतर प्रांगण में सुबह 6 बजे किया जाएगा। इस आयोजन में राजस्थान सरकार के गणमान्य विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया है, तथा आम जनता के लिए भी निशुल्क व्यवस्था की गई है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसमें शामिल हो सकें और योग के फायदों का अनुभव कर सकें। इस आयोजन का उद्देश्य योग के प्रति लोगों को जागरूक करना और इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना है। आयोजन की व्यापक तैयारी और सहभागिता इस बात का प्रमाण है कि योग दिवस ने सामाजिक स्वास्थ्य और सामुदायिक जुड़ाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## 70 विदेशी छात्र पढ़ रहे हैं आयुर्वेद की पढ़ाई

कुलपति शर्मा ने बताया कि एनआईए की साख विदेशों तक बनी हुई है। संस्थान में 70 के करीब विदेशी छात्र पढ़ रहे हैं। इनमें 2 अफगानिस्तान की छात्राएं भी शामिल है। जहां महिलाओं को शिक्षा पाने के लिए कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। मगर एनआईए की पहचान से आज वे छात्राएं यहां पढ़ रही है। इस योग दिवस पर उन विदेशी छात्रों के साथ-साथ उनके परिजनों को भी ऑनलाईन माध्यम से जोड़ा जाएगा।

## इस बार 'योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी' है थीम

कुलपति ने बताया कि योग दिवस को सफल बनाने के लिए एनआईए की ओर से कई दिनों से जागरुकता के कार्यक्रम जयपुर के अलावा देश में कई जगहों पर किए जा रहे हैं। इस योग दिवस की थीम 'योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी' है। इसी संकल्प को पूरा करने के लिए योग दिवस मनाया जा रहा है। योग कार्यक्रम आयुष मंत्रालय के प्रोटोकॉल के हिसाब से आयोजित किए जाएंगें

## Yuva स्टोरीज



### करगिल विजय पर मोटरसाइकिल अभियान को दिखाया फ्लैग-ऑफ

**जोधपुर।** करगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में चल रहे भारतीय सेना के मोटरसाइकिल अभियान को 19 जून को कोणार्क कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल मोहित मल्होत्रा ने कोणार्क युद्ध स्मारक, जोधपुर सैन्य स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आठ सवारों की यह टीम द्वारका से द्रास तक 2750 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। रक्षा प्रवक्ता कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया कि यह राजस्थान के उदयपुर, जोधपुर, अजमेर, जयपुर और अलवर शहरों से होकर निकल रही है। जोधपुर में आयोजित युद्ध स्मारक पर ध्वजारोहण समारोह में 300 से अधिक दिग्गजों ने भाग लिया। यह अभियान 16 जुलाई को करगिल विजय दिवस पर करगिल युद्ध स्मारक पर समाप्त होगा। अभियान के दौरान टीमें रास्ते में वीरता पुरस्कार विजेताओं, वीर नारियों और दिग्गजों से जुड़ेंगी और उनके योगदान को स्वीकार करेंगी और यह सुनिश्चित करेंगी कि उनकी विरासत भावी पीढ़ियों तक चली जाए। टीम उन युद्ध स्मारकों पर भी श्रद्धांजलि अर्पित करेगी, जहां वे आएंगे और युवाओं के बीच भारतीय सेना के बारे में जागरूकता फैलाएंगे। रक्षा प्रवक्ता कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया अभियान पर निकले ये समर्पित राइडर्स विविध इलाकों और चुनौतीपूर्ण मार्गों को पार कर अभियान पूरा करेंगे। यह टीमें दिल्ली में एक साथ एकत्रित होंगी, उसके बाद, संयुक्त टीम द्रास में गन हिल के लिए आगे बढ़ेगी, जो कारगिल युद्ध के दौरान अपने रणनीतिक महत्व के लिए इतिहास में दर्ज जगह है।

### डॉ. रेनू शुंगलू स्पेन में हैंडबॉल चैंपियनशिप (वुमेन) में लेंगी हिस्सा



**जयपुर।** आईआईएस यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स बोर्ड की सचिव एवं शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यक्ष डॉ. रेनू शुंगलू आगामी 26 जून से 30 जून तक होने जा रहे एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स हैंडबॉल चैंपियनशिप (वुमेन) में हिस्सा लेने एंटीक्युरा स्पेन के लिए 21 जून को रवाना होंगी। डॉ. रेनू का चयन इंडियन यूनिवर्सिटी हैंडबॉल महिला चैंपियनशिप टीम की कंटिंगेंसी हेड के तौर पर किया गया है। वह एआईयू का प्रतिनिधित्व करेंगी। आईआईएस यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. अशोक गुप्ता, रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता एवं अन्य पदाधिकारियों ने डॉ. रेनू को शुभकामनाएं दी हैं।

### जयपुर स्पोर्ट्स टीम क्रिकेट मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुंची



**जयपुर।** राजधानी में न्यू भारत कप अंडर 17 क्रिकेट प्रतियोगिता में खेली जा रही है। इसमें एक मैच जयपुर स्पो बनाम राजीव गांधी एकेडमी के बीच खेला गया। मैच में राजीव गांधी टीम ने 10 विकेट पर 155 रन बनाए। इससे पहले टॉस राजीव गांधी एकेडमी ने जीता। इसके बाद बैटिंग की चॉइस की। इसमें राजीव गांधी एकेडमी की ओर से यथार्थ भारद्वाज (60) रन, जगदीश दूडी (51), दिव्यम सिंगोडिया 41 रन बनाए गए। वहीं जयपुर स्पोर्ट्स की ओर से अर्जुन ऋषि ने (5) विकेट, कुशाग्र ने (2) विकेट, जयपुर स्पोर्ट्स ओर से अभय शर्मा 82 रन, श्रेयांश प्रेशर 82 रन, वरुण गुप्ता 57 रन बनाए गए। राजीव गांधी एकेडमी की ओर से निलय अरोड़ा (2) ने विकेट लिए। जयपुर स्पोर्ट्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 3 विकेट के नुकसान पर 259 रन बना कर मैच जीत लिया और सेमी फाइनल में जगह बनाई।




### नीट पर आम आदमी पार्टी ने किया विरोध प्रदर्शन

**जयपुर।** नीट एग्जाम रद्द करने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने जयपुर कलेक्ट्रेट सर्किल पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नीट में हुई गड़बड़ी पर विरोध जताया तथा सरकार से इस मामले में जांच कर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में जयपुर सहित आसपास के कार्यकर्ता शामिल हुए ।

### राजस्थान विवि के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल मिश्र ने कहा...

# शिक्षा वही सार्थक जो विद्यार्थी को किताब के साथ परिवेश से भी जोड़ें

बेधड़क | जयपुर

राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के समक्ष मानवीय मूल्य बचाए रखने की आज बड़ी चुनौती है। अंधाधुंध जल-दोहन से राजस्थान ही नहीं देशभर में जल संकट की स्थितियां बन रही हैं। विश्वविद्यालय इन चुनौतियों के आलोक में शैक्षिक पहल करते हुए कार्य करें। उन्होंने कहा कि वहीं शिक्षा सार्थक है जो विद्यार्थी को पाठ्यपुस्तकों के साथ परिवेश की समझ से जोड़ें। उन्होंने कहा कि रटन्त शिक्षा डिग्री प्रदान कर सकती है पर जीवन में आगे नहीं बढ़ा सकती।

मिश्र बुधवार को राजस्थान विश्वविद्यालयके 33वें दीक्षांत समारोह और वहां निर्मित संविधान पार्क के लोकार्पण पश्चात आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी विश्वविद्यालयों को नई शिक्षा नीति को पूरी तरह से अपने यहां लागू करने और ऐसे पाठ्यक्रम बनाने पर जोर दिया।

जिनसे भारत विकास की राह पर तेजी से अग्रसर हो सके। उन्होंने कहा कि संविधान से जुड़ी सोच के उद्देश्य से राजभवन की पहल पर विश्वविद्यालयों में संविधान पार्क निर्मित करने की पहल हुई है। इस दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय सिंडिकेट, सीनेट एवं शैक्षेणिक परिषद् के सदस्य, विभिन्न संकायों के डीन, शिक्षक विश्वविद्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। विवि के रजिस्ट्रार अवधेश सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।





### 126 विद्यार्थियों को मिले स्वर्ण पदक

कार्यक्रम में राज्यपाल कलराज मिश्र ने विभिन्न परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 126 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए, स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में 102 स्वर्ण पदक छात्राओं को प्रदान किए गए, साथ ही 467 पीएचडी उपाधि धारकों को उनकी पीएचडी उपाधि का वितरण किया गया एवं वर्ष 2022 की परीक्षाओं में उतीर्ण 01 लाख 66 हजार 139 विद्यार्थियों को उनकी उपाद्यियों का भी वितरण किया गया।



*जयपुर। दीक्षांत समारोह में छात्रा अनुष्का शर्मा को एमजेएमसी में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया।*

### दीक्षांत विद्यार्थी के लिए नव जीवन का आरंभ

राज्यपाल ने संविधान की मूल प्रति पर उकेरे चित्रों की चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति के उदात्त मूल्यों को इनसे समझा सकता है। उन्होंने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने शांति निकेतन के प्रसिद्ध कलाकार नंदलाल बोस को बुलाकर संविधान की मूल प्रति पर रेखांकन करवाए। इसमें राजस्थान के कलाकार स्व. कृपाल सिंह शेखावत की भी महत्ती भूमिका रही है। राज्यपाल ने पैरा ओलम्पिक में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली विश्वविद्यालय की छात्रा अवनी लखेरा की सराहना की। उन्होंने कहा कि दीक्षांत विद्यार्थी के लिए नव जीवन का आरंभ है। कार्यक्रम के आरंभ में उन्होंने सभी को संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया।

### 3 वर्ष बाद पीएचडी में मिला है एडमिशन

कुलपति अल्पना कटेजा ने कहा कि विगत 03 वर्षों से शोधार्थियों का शोध कार्यों के लिए पंजीकरण नहीं हो पा रहा था, प्रतिभाऐं अन्य दूरस्थ विश्वविद्यालयों की ओर पलायन करने को मजबूर थीं। इस स्थिति के मध्यनजर विश्वविद्यालय द्वारा इस वर्ष पीएच.डी एडमिशन टेस्ट का आयोजन किया गया व 912 अभ्यर्थियों को पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया गया है, कोर्स वर्क की कक्षाएं प्रारम्भ हो गयीं हैं, इससे विश्वविद्यालय में शोध कार्य को गति मिलेगी व शोधार्थियों को छात्रवृति के रूप में आर्थिक संबल भी मिल सकेगा।



## नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस क्षेत्र में मनाया स्वच्छता पखवाड़ा

बेधड़क | जयपुर

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय भारत सरकार की ओर से 16 से 30 जून तक अपने क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से देश भर में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन हो रहा है। इसी क्रम में क्षेत्रीय कार्यालय, नैशनल सैंपल सर्वे ऑफिस, अजमेर, द्वारा स्वच्छता के प्रति जन भागीदारी बढ़ाने के लिए बुधवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। क्षेत्रीय कार्यालय अजमेर एवं उप क्षेत्रीय कार्यालय उदयपुर/जोधपुर केलगभग 125 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने कार्य स्थल, कार्यालय परिसर एवं इसके बाहरी प्रांगण में सघन सफाई अभियान चलाया। इस दौरान कार्यालय प्रांगण और बाहरी क्षेत्र में लगे पोधों एवं पेड़ों की भी आवश्यकतानुसार रखरखाव किया गया। स्वच्छता पखवाड़े के दौरान इस कार्यालय द्वारा किये गए विभिन्न कार्यक्रमों की कड़ी में बी.के.कॉल नगर, अजमेर स्थित पार्क में गहन सफाई अभियान चलाया गया जिसमें लगभग 02 ट्राली कचरा एकत्र किया गया। इस अभियान में कार्यालय कर्मियों एवं स्थानीय निवासियों सहित लगभग 70 लोग शामिल थे। सफाई अभियान के पश्चात् एकत्र कचरा को नगर निगम के माध्यम से निस्तारित कराया गया। कार्यालय द्वारा सांख्यिकी मंत्रालय के स्वच्छता अभियान में आम जन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक ऑनलाइन गूगल फॉर्म तैयार कर शपथ भी दिलाई गई जिसमें सभी प्रतिभागियों को डिजिटल सर्टिफिकेट भी जारी किया गया।

आसपास सफाई रखने और अधिक से अधिक लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के हरिभाऊ उपाध्याय नगर में लगभग 80 लोगों को शपथ दिलाई गयी ताकि पर्यावरण, जीवों व अपने ग्रह को सुरक्षित रखा जा सके । इसके साथ ही जूट के थेलों का वितरण भी किया गया। इसके अतिरिक्त जोधपुर उप क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियोंऔर कर्मचारियों द्वारा जम्बेश्वरी पार्क, मधुबन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जोधपुर में सफाई की गई एवं वहां लगे पोधों एवं पेड़ों का आवश्यकतानुसार रखरखाव किया गया।

## संग्रहाध्यक्ष की परीक्षा सम्पन्न

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा संग्रहाध्यक्ष, खोज व उत्खनन अधिकारी (पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023 का आयोजन बुधवार को अजमेर जिला मुख्यालय पर किया गया। आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि संग्रहाध्यक्ष के पद हेतु सुबह 10 से 12.30 बजे तक परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें पंजीकृत 7779 अभ्यर्थियों में से 619 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। इसी प्रकार खोज एवं उत्खनन अधिकारी के पद के लिए परीक्षा आयोजन दोपहर 3 से 5.30 बजे तक किया गया। इसमें पंजीकृत 7008 अभ्यर्थियों में से 154 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।


### योगाभ्यास | स्विमिंग पूल में खड़े होकर लोगों ने किया योगाभ्यास

# योगमय हुई गुलाबी नगरी, लिया एक्वा योग का आनंद

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के खेल बोर्ड में 5 दिनों के लिए योग शिविर आयोजित किया गया। इसके तीसरे दिन योग को स्विमिंग के साथ जोड़ा गया। जिसे एक्वा योग कहते हैं। लोगो ने स्विमिंग पूल के अंदर खड़े होकर योग आसन किए।

राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने अधिक से अधिक स्टूडेंट्स से इसमें शामिल होने की अपील की है। आप सभी अपने दोस्तों और परिवार को ला सकते हैं। क्योंकि यह सभी के लिए खुला है। अवश्य आएं और हमसे जुड़ें। उन्होंने कहा कि आज का युवा ही स्वस्थ एवं समृद्ध भारत का भविष्य है। यह कार्यक्रम राजस्थान विश्वविद्यालय स्थित फिजिकल एजुकेशन विभाग की शारीरिक शिक्षा विभाग अध्यक्ष सरीना कालिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत योजना के तहत योग दिवस पर मनाए जाने वाले प्रोटोकॉल को साथ में रखते हुए योग को नवीन तरीके से प्रस्तुति करने के लिए प्रोत्साहित किया। 21 जून को ऐसा योग इसको बड़े लेवल पर प्रस्तुत किया जाएगा।



### पहली बार विश्वविद्यालय में हुआ आयोजन

राजस्थान विश्वविद्यालय के फिजिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट में डॉ. अनीता डंगवाल और डॉ रमाकान्त मिश्रा ने योग को स्विमिंग के साथ जोड़कर एक नए तरीके से योगाभ्यास कराया जिसे एक्वा योग का नाम दिया । यह योग राजस्थान विश्वविद्यालय में पहली बार कराया गया। जिसमें योगा डिप्लोमा एंड एजुकेशन के स्टूडेंट्स ने प्रस्तुति दी और बाहर से आए हुए काफी सारे योगियो ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स के साथ-साथ बाहर से भी लोगों ने हमें ज्वाइन किया और आज जो योग अभ्यास कराया उसकी बहुत प्रशंसा और उत्साह पूर्वक प्रयास किए गए ।

### हर आंगन योग, हर घर निरोग की संकल्पना करेंगे सफल - मेयर गुर्जर

नगर निगम ग्रेटर के 10 जून से आयोजित किये जा रहे जयपुर योग महोत्सव-2024 के दसवें दिन जयपुरवासियों ने जमकर योगाभ्यास किया। अल्बर्ट हॉल रामनिवास गार्डन में आयोजित शिविर मे योग किया गया। इस दौरान जयपुरवासियों में योग महोत्सव को लेकर खासा उत्साह देखा गया। योग शिविर की शुरूआत गायत्री सूक्ष्म नैनो यज्ञ द्वारा की गई। इसमें सभी साधकों द्वारा आहूति दी गई। शिविर में आयुक्त रूकमणि रियाड़, अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार सहित जोन एवं मुख्यालय उपायुक्त ने योग किया। योग शिविर में ब्रह्मकुमारीज संस्था के बी.के जयन्ती बहन, चौगान योगा के जगदीश, योगा के नीरज सिंह, रश्मि योगा के रश्मि एवं योग साधना आश्रम के डॉ. पुष्पलता गर्ग ने विभिन्न योग करवाए। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने इस अवसर पर कहा कि हर आंगन योग हर घर निरोग की संकल्पता को सफल करेगे और हर रोज योग करके स्वच्छता से जुड़ेगे। उन्होंने वहां उपस्थित सभी योग साधकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। महापौर ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे नियमित रूप से योग करें ।

## पेयजल में आर्सेनिक की अधिक मात्रा स्वास्थ्य के लिए घातक

# पानी बन सकता है कैंसर का सबब



गीता यादव
वरिष्ठ पत्रकार

54 वर्षीय, छीतरमल मीणा बस्सी के निवासी हैं। उन्हें एक साल से पेट का कैंसर है। वह जयपुर के महात्मा गांधी अस्पताल, सीतापुरा में इलाज करवा रहे हैं। इससे पहले उन्होंने कई अस्पतालों में धक्के खाए। तब जाकर यहां जांच के बाद उनके कैंसर की पुष्टि हुई। अपनी बीमारी जानकर उन्हें गहरा सदमा लगा था, क्योंकि वह किसी तरह का व्यसन नहीं करते। उन्हीं के पड़ोसी महावीर चौधरी को भी पेट का कैंसर है। वह छीतरमल की सलाह से पिछले छह महीने से इसी अस्पताल में अपना इलाज करवा रहे हैं। महावीर बताते हैं, पिछले कुछ समय से हमारे गांव में कैंसर रोगियों की संख्या एकाएक बढ़ गई है।

कैंसर ने आर्थिक तौर पर हमें तोड़कर रख दिया है। कर्ज उतारने के लिए जमीन भी बेचनी पड़ी है। मुहाना के मूलचंद वर्मा को लीवर में संक्रमण हुआ है। वह बताते हैं, हमारे इलाके में भी कैंसर मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। इसलिए हम अपने परिवार को लेकर काफी चिंतित हैं। महात्मा गांधी अस्पताल, सीतापुरा के वरिष्ठ ऑन्कोलॉजिस्ट, डॉक्टर प्रशांत कुम्भज ने बताया कि पिछले कुछ समय से बस्सी और मुहाना क्षेत्र से कैंसर के मामले सामने आ रहे हैं। हर महीने लगभग चार-पांच मामले आ ही जाते हैं। यह सभी ज्यादातर एक ही क्षेत्र से हैं। इन मरीजों की केस हिस्ट्री बताती है कि ये किसी तरह का नशा नहीं करते, इसलिए संभवतः यह मामला इन इलाकों में पीने के पानी में पाए जाने वाले आर्सेनिक की उच्च मात्रा से जुड़ा हो सकता है। उन्होंने बताया कि गांवों में कैंसर फैलने का कारण जानने के लिए स्क्रीनिंग की जरूरत है। पीने के पानी की इसमें क्या भूमिका होगी, इसके लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को जांच करनी होगी। उनके अनुसार, गांवों के लोगों में कैंसर के प्रति जागरूकता नहीं है। जांचें महंगी होने के कारण लोग टालते रहते हैं और बीमारी पकड़ में आने तक बहुत देर हो चुकी होती है।

गांवों में पानी से जुड़े कैंसर के मामले पहले भी सामने आते रहे हैं और बाद में जांच के बाद उनकी पुष्टि भी हुई है। विभिन्न अध्ययनों ने पानी में पाए जाने वाले विशिष्ट प्रदूषकों और कैंसर के बीच संबंधों की भी जांच की है। हाल ही में पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट ने पानी की गुणवत्ता का पता लगाने के लिए राजस्थान के 33 जिलों के 235 शहरों का एक सर्वे भी किया था। इस सर्वे में पाया गया कि आधे से ज्यादा जिले ग्राउंड वाटर यानी भूजल पर निर्भर हैं, जो दूषित हैं। यहां कैंसर के अलावा अन्य रोगों के मरीजों की संख्या भी बहुत अधिक पाई गई है। बड़े अफसोस की बात है कि दुनिया भर में साफ पानी की समस्या दिनों दिन गहराती जा रही है। शोध बताते हैं, पूरे विश्व में पीने के जल के रूप में 0.03 प्रतिशत जल उपलब्ध है और उसमें भी 0.1 प्रतिशत जल ही पीने योग्य है। वैसे देखा जाए तो, भारत के ज्यादातर हिस्सों में पीने के लिए जिस पानी का इस्तेमाल किया जाता है, वो या तो सरकारी टैंक द्वारा सप्लाई किया जाता है या फिर वाटर पंप, हैंड पंप, ट्यूब वेल आदि के द्वारा सीधे जमीन से बाहर निकाला जाता है। सरकारी टैंक से आने वाले पानी को लोग इसलिए सुरक्षित मानते हैं कि इसे ट्रीट करने के बाद सप्लाई किया जाता है। मगर रिसर्च के अनुसार, यह पानी भी इतना सुरक्षित नहीं है। अमूमन हर देश के पानी का अपना क्वालिटी स्टैंडर्ड होता है, जिसके अनुसार यह तय किया जाता है कि पीने के साफ पानी में कितनी मात्रा में कौन सा तत्व मौजूद होना चाहिए। पानी जमीन की गहराई से निकलता है, इसलिए इसमें ढेर सारे तत्व घुले होते हैं। इनमें से कुछ तत्व ऐसे हैं जो हमारे शरीर के लिए फायदेमंद होते हैं। एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन एजेंसी के अनुसार पानी में 90 से ज्यादा ऐसे दूषित पदार्थ होते हैं, जो शरीर के लिए हानिकारक होते हैं। हालांकि यदि प्यूरीफायर का इस्तेमाल किया जाए तो, इनमें से कुछ दूषित तत्व बाहर निकल जाते हैं। मगर ज्यादातर प्यूरीफायर में पानी को शुद्ध बनाने के लिए जिन केमिकल्स का इस्तेमाल किया जाता है, उनमें बाई प्रोडक्ट को भी वैज्ञानिकों ने हानिकारक माना है।

*राजस्थान के ग्रामीण इलाकों में प्रदूषित जल लोगों के जीवन पर काल बनकर मंडरा रहा है। हाल के दिनों में बस्सी और मुहाना क्षेत्रों में कैंसर के रोगी बढ़े हैं। चिकित्सक मानते हैं कि यह मामला पीने के पानी में पाए जाने वाले आर्सेनिक की अधिक मात्रा से जुड़ा हो सकता है। मामले के खुलासे के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को गंभीरता से इन इलाकों में पानी की गुणवत्ता की जांच करानी चाहिए, ताकि समय रहते इस पर नियंत्रण हो सके।*

*जल की हर बूंद अमूल्य है और इसके बिना जीवन संभव नहीं, लेकिन यही जल राजस्थान के निवासियों के लिए खतरा बनता जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में कैंसर रोगियों की संख्या बेतहाशा बढ़ रही है। बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और अन्य कई गांवों के बाद अब बस्सी और मुहाना इलाकों से भी कैंसर के मामले सामने आ रहे हैं। इन मरीजों से बातचीत के बाद इसकी जो मूल वजह सामने आई, उसमें पानी एक बड़ा कारण माना जा रहा है।*



एनवायरमेंट वर्किंग ग्रुप द्वारा हाल में हुए एक अध्ययन के अनुसार पीने के पानी में 22 ऐसे तत्व पाए गए हैं, जो कैंसर कारक बन सकते हैं। इनमें ज्यादातर कैंसर का कारण आर्सेनिक है। इसके अलावा कुछ ऐसे केमिकल से निकलने वाले बाइप्रोडक्ट भी हैं, जो खतरनाक हो सकते हैं, जिनका इस्तेमाल पानी को ट्रीट करके शुद्ध करने के लिए किया जाता है। विशेषज्ञ बताते हैं कि आर्सेनिक ऐसा तत्व है जो जमीन के नीचे प्राकृतिक रूप से पाया जाता है। लंबे समय तक आर्सेनिक से दूषित पानी के सेवन से त्वचा, फेफड़े, मूत्राशय और गुर्दे के कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। भारत में ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड के मुताबिक एक लीटर पानी में 0.01 मिलीग्राम आर्सेनिक की अनुमति दी गई है। जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पीने के पानी में 10 माइक्रोग्राम प्रति लीटर से ज्यादा आर्सेनिक नहीं होना चाहिए। भारत के लगभग सभी राज्यों के ग्राउंड वाटर में आर्सेनिक की मात्रा डब्ल्यूएचओ और बीआईएस दोनों की तय लिमिट से ज्यादा पाई जाती है। अधिक नाइट्रेट्स वाले पानी का सेवन विशेष रूप से बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए खतरनाक हो सकता है। नाइट्रेट्स का शरीर में नाइट्रोसामाइन में परिवर्तन हो सकता है, जो कैंसरकारी हो सकते हैं। इसके अलावा, बिस्फेनोल ए-कुछ प्लास्टिक कंटेनर जो पानी को स्टोर करने के लिए उपयोग किए जाते हैं, उनसे भी कैंसर का खतरा हो सकता है। इसके अलावा गांवों में खेती में उपयोग किए जाने वाले कीटनाशक और रसायन भी पानी को प्रदूषित कर सकते हैं। यह भूजल में मिल सकते हैं और इसे दूषित कर सकते हैं। इनमें से कुछ रसायन कैंसर के खतरे को बढ़ा सकते हैं। कई उद्योग अपने कचरे को नदियों और झीलों में छोड़ते हैं, जो अंततः भूजल को प्रदूषित कर सकते हैं। इनमें से कई रसायन कैंसरकारी हो सकते हैं। जोधपुर शहर के एक औद्योगिक क्षेत्र में जब 1983 में एक नल-कूप लगाया गया, तो दर्शक यह देखकर चकित रह गए कि जल से रंगीन पानी निकल रहा है। जांच के बाद पाया गया कि यह पानी बुरी तरह प्रदूषण-युक्त है। जांच के बाद ज्ञात हुआ कि कपड़ा छपाई के इन उद्योगों से लगभग 1.5 करोड़ लीटर गंदा पानी खुली नालियों, खुले मैदानों और तालाबों में बहा दिया जाता है। पृथ्वी अपनी प्रकृति के अनुसार इस पानी को सोख लेती है और फिर यह गंदा पानी भूगर्भीय जल के साथ मिलकर पृथ्वी के भीतर विद्यमान पानी को प्रदूषित कर देता है। प्रदूषण चाहे जैसे हो, लेकिन इसका हमारे जीवन से सीधा-सीधा संबंध है। राजस्थान के गांवों में कैंसर के मामले जिस तेजी से पांव पसार रहे हैं वो चिंताजनक हैं। ऐसे में सरकार और स्वास्थ्य संगठनों को जल स्रोतों की नियमित जांच और शुद्धिकरण प्रक्रियाओं को लागू करना चाहिए। दूषित पानी से बचने के लिए जनता को भी जागरूक होना चाहिए। संदेह होने पर क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों को संबंधित अधिकारियों से बात करके अपने इलाके के पानी की जांच करानी चाहिए, ताकि भविष्य में कैंसर के मामलों को रोका जा सके।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

### ऐसा हो आदर्श जल

- किसी प्रकार के विषाणु न हों।
- जल के नीचे कोई पदार्थ जमा न हो।
- ध्यान रहे, शुद्ध जल हल्का और पारदर्शी होता है।
- पीने योग्य जल में खारापन या नमक नहीं होता।
- आर्सेनिक, लेड, पारा, सेलेनियम आदि विषैले पदार्थ एक निश्चित मात्रा से अधिक न हों।
- जल के 100 सी.सी. नमूने में ई. कोलाई जीवाणुओं की मौजूदगी न हो।
- फ्लोराइड, नाइट्रेट, एरोमेटिक, हाइड्रोकार्बन जैसे पदार्थ, जो स्वास्थ्य के लिए हितकर, न हों नहीं होने चाहिए।

### रोकथाम और सुरक्षा

पानी शरीर को जरूरी मिनरल्स देता है, अपने पानी की जांच करें, आपका पानी कहां से आता है? उस में कहीं भारी धातु यानी हैवी मेटल्स तो नहीं? नल से आने वाला पानी अक्सर पुरानी पाइपों में से आता है, जिस में भारी धातु होती है। सरकार और स्वास्थ्य संगठनों को जल स्रोतों की नियमित जांच और शुद्धिकरण प्रक्रियाओं को लागू करना चाहिए। घर पर भी वाटर प्यूरीफायर का उपयोग करने से जोखिम कम हो सकता है।

**व्यंग्य**

# लीकेज अच्छे हैं



गोविंद सेन
व्यंग्यकार

कहा जाता है कि दाग अच्छे हैं उसी तरह लीकेज भी अच्छे होते हैं। जिंदगी लीकेज का पर्याय है। जिंदगी में लीकेज हों तो वह खूबसूरत हो जाती है। लीकेज होने का मज़ा ही कुछ और है। खबरें जब लीक होती हैं तो मज़ेदार हो जाती हैं। दिल्ली में कुतुबमीनार है, यह तो साधारण वाक्य है। यही वाक्य लीकेज के कारण- दिल्ली में कुत्ता बीमार है- बन जाता है।

परीक्षा के पेपर लीक होते हैं तो हंगामा खड़ा कर दिया जाता है। तिल का ताड़ बना दिया जाता है। इससे बेचारे कुछ छात्रों का लाभ हो जाता है तो दूसरों की छाती पर सांप क्यों लोटने लगता है। इतने नंबर क्यों आए। जो काबिल होते हैं उनके नंबर अधिक आते ही हैं, इसमें अचरज कैसा! कहते हैं कि लाखों छात्रों के भविष्य का क्या होगा। अरे, परीक्षा में लाखों बैठते हैं तो क्या हुआ, काबिल तो कुछ ही लोग होते हैं। काबिल तो वही होते हैं जो पैसा खर्च कर सकते हैं। पैसा हाथ का मैल होता है। मैल को साफ करते रहना ही उचित होता है। कुछ लाख रुपए की परवाह करोगे तो बच्चों का भविष्य कैसे बनेगा! कंजूसी कर लो या उनका भविष्य देख लो। बड़ी सफलता बड़ी कुर्बानी तो मांगती ही है बंधु।

सबको तो सरकारी नौकरी मिलने से रही। सभी डॉक्टर भी नहीं बन सकते। अपनी औकात से बड़ा सपना देखना हो तो देखते रहो। यदि एक अदद सरकारी नौकरी न मिली तो कौनसा पहाड़ टूट जाएगा। एक रास्ता बंद होता है हजार रास्ते खुल जाते हैं। और फिर सरकारी नौकरी ही क्यों चाहिए। आराम करने के लिए ही न! खुद को निठल्ला बनाने पर क्यों तुले हो बंधु! करोड़ों रोजगार आपकी राह देख रहे हैं । फिक्र क्यों करते हो-चक्की चलाना, मोबाइल-मोटरसाइकिल- साइकिल रिपेयरिंग, दाढ़ी- कटिंग बनाना, प्लम्बिंग, बिजली का काम, चाय-पानी, शराब, किराना, गोली-बिस्कुट की दुकानें पढ़े-लिखे युवाओं को अपने बाजुओं में भरने के लिए तैयार बैठी हैं। काम कोई छोटा नहीं होता, छोटी होती है आदमी की सोच।

ऐसे भी कुछ धंधे हैं जो इतने बढ़िया हैं कि देखते-देखते युवाओं को रोड़पति से करोड़पति बनाने की फुल ग्यारंटी देते हैं। ये थोड़े अवैध जरूर होते हैं लेकिन अवैध को वैध बनाने के अनेक तरीके भी मौजूद हैं। समझदारी से चलो तो दो नंबर का काम एक नंबर चल सकता है। काम की कमी नहीं, काम करने वाली की कमी है। आराम करना छोड़ो और काम पर लग जाओ। ठेकेदारों को उच्च शिक्षित मजदूरों और कारीगरों की हमेशा जरूरत होती है।

परीक्षा में यदि थोड़ी मदद मिल जाए तो क्या बुरा है। तीस-चालीस लाख ही तो लगते हैं। एक बार सीट मिल गई तो नोट छापने की मशीन बन ही गए समझो। जब तक ऊब न जाओ, जिंदगी भर नोट छापते रहो। बीमार की जिंदगी से खेलते रहो। अच्छे पैसे वाले के रिश्तों की बारिश होने लगेगी। लाभार्थी के मां-बाप बुढ़ापे में सीना उठाकर चलने के काबिल हो जाएंगे।

पेपर लीक जैसे काम तो पहले भी होते रहे हैं। यह परम्परा से चला आ रहा है। टीपने-टीपाने की प्रतिष्ठा तो बहुत पुरातन है बंधु! तब तो इतना हल्ला नहीं मचाया था। अब क्यों हल्ला मचा रहे हो। सच कहूं तो आप हल्लाजीवी हैं। ज़रा सा पेपर लीक क्या हुआ हंगामा मचा दिया। हंगामा क्यों बरपा, थोड़ी सी जो पीली है- चोरी तो नहीं की, डाका तो नहीं डाला। जो कुछ किया सहमति से किया। देने वाले दे रहे हैं और लेने ले रहे हैं। देखने वाले देख रहे हैं। आपके क्यों पुनीत काम में अड़ंगा लगाने पर तुले हो बंधु!

लीकेज तो नियति नटी के कार्यकलाप की तरह कभी भी बंद नहीं होंगे। उनकी खूब प्रतिष्ठा है। एक लीकेज बंद करोगे तो हजार लीकेज पैदा हो जाएंगे। आदमकद लोगों के लीकेज भी आदमकद होते हैं। बौने लोग उसका क्या मुकाबला करेंगे! बड़े आदमियों के चरित्र में छोटे लोगों की बनिस्बत हजारों गुना अधिक और बड़े लीकेज होते हैं। बड़े लोग अपने लीकेज को चमकीली सोने की पन्नियों से बखूबी बंद कर लेते हैं। वे लीकेज के कारण चमचमाने लगते हैं। जितने लीकेज उतनी चमचमाहट, उतना रुतबा।

## नॉलेज कॉर्नर: डीएनए टेस्ट से हो रही प्राणीमात्र के संबंधों की पहचान

# डीएनए टेस्ट से खुलती है रिश्तों की कुंडली!

पहले किसी जमाने में किसी व्यक्ति के संबंधों की पहचान करना असंभव कार्य होता था, लेकिन आज यह स्थिति है कि जीवित के साथ-साथ मृत व्यक्ति की पहचान भी बताई जा सकती है। यह संभव हो पाया है डीएनए टेस्ट से। जी हां इसी डीएनए टेस्ट से मनुष्य की सही पहचान या रिश्तों की कुंडली खुल पाती है। यहां तक कि मनुष्य के अलावा जीव जन्तुओं का भी डीएनए से कई चीजों के बारे में जाना जा सकता है। हाल ही कुवैत के मंगाफ शहर में एक इमारत में आग लगने से मरने वाले 40 भारतीयों की पहचान भी टीएनए टेस्ट के जरिए की गई। डीएनए टेस्ट के जरिए कैसे पहचान की जा सकती है इस बारे में बताते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### प्रोटीन के उत्पादन में भी अहम भूमिका

सभी जीवों में अनुवांशिक सूचनाओं के लिए जवाबदेह होने के साथ ही डीएन की अहम भूमिका शरीर में प्रोटीन के उत्पादन में भी होती है। डीएनए और राइबोन्यूक्लिक एसिड यानी आरएनए न्यूक्लिक एसिड ही होते हैं। लिपिड, प्रोटीन और जटिल कार्बोहाइड्रेट के साथ न्यूक्लिक एसिड सभी जीवों के लिए जरूरी चार प्रमुख मैक्रोमोलेक्यूल्स में से एक हैं। डीएनए को पांच भागों में बांटा जाता है। इन्हें एडेनिन (ए), साइटोसिन (ए) (सी), गुआनिन (जी), थाइमिन (टी) और यूरासिल (यू) कहा जाता है।डीएनए आमतौर पर यूकेरियोटिक ऑर्गेनिज्म में लीनियर क्रोमोसोम और प्रोकैरियोट्स में सर्कुलर क्रोमोसोम के रूप में मिलता है। किसी भी सेल यानी कोशिश का जीनोम उसके क्रोमोसोम से ही बना होता है। मनुष्य के डीएनए के लगभग 3 बिलियन बेस पेयर वास्तव में 46 क्रोमोसोम में व्यवस्थित होते हैं। डीएनए द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सूचनाएं टुकड़ों में होती है, जिसे हम जीन के रूप में जानते हैं।




### जेम्स और फ्रांसिस ने की ने डीएनए संरचना की व्याख्या

यह साल 1869 की बात है। स्विस बायोलॉजिस्ट जोहांस फ्रेडरिक मिशर व्हाइट ब्लड सेल्स (सफेद रक्त कोशिका) पर शोध कर रहे थे। उसी दौरान उन्होंने पहली बार डीएनए की पहचान की थी। इसके लंबे समय बाद साल 1953 में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के दो वैज्ञानिकों जेम्स डी वॉटसन और फ्रांसिस क्रिक ने डीएनए की संरचना की व्याख्या की। इन्होंने डीएनए मॉल्यूक्यूल के डबल हेलिक्स स्ट्रक्चर की खोज की। इसके बाद यह पता चला कि सभी जीवों में अनुवांशिक सूचनाओं के लिए डीएनए जिम्मेदार होता है। दोनों वैज्ञानिकों को इस खोज के लिए साल 1962 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

### वायरस में भी होता है डीएनए

*यही बात वायरस पर भी लागू होती है, क्योंकि उनमें भी अनुवांशिक मैटेरियल के रूप में ज्यादातर आरएनए या डीएनए ही पाया जाता है। कुछ वायरस में जेनेटिक मैटेरियल के रूप में आरएनए तो कुछ में डीएनए पाया जाता है। कोरोना वायरस की पहचान भी इसी के जरिए करने में आसानी हुई थी।*

*कंटेंट: बजरंग लाल बुनकर*



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
मेरा मिशन है कि भारत दुनिया के लिए शिक्षा और ज्ञान का केंद्र बने और इसकी पहचान फिर से Prominent Knowledge Centre के रूप में हो। आज भारत के एजुकेशन सेक्टर में बड़े Reforms हो रहे हैं। दुनिया भारत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना चाहती है, जिसके एक नहीं अनेक उदाहरण हैं...।



**अमित शाह,** गृह मंत्री
@AmitShah
सांस्कृतिक व शैक्षणिक विरासतों का संरक्षण व आधुनिकीकरण मोदी जी की प्राथमिकताओं में रहा है। विश्व के पहले आवासीय विश्वविद्यालयों में एक नालंदा विश्वविद्यालय भारत की विकसित व व्यवस्थित शिक्षा व्यवस्था का प्रतिबिंब है।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' राजस्थान के आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट को लेकर व्यापार कर सलाहकार एवं व्यापार , उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक ली और बजट के अंतर्गत व्यापार एवं वाणिज्य से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर गहन चर्चा की तथा इस दिशा में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। 'आपणो अग्रणी राजस्थान' के विजन के अनुरूप समाज के हर वर्ग को सशक्त कर उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**दिल्ली में पेयजल संकट पर गरमाई सियासत,** जल मंत्री आतिशी ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर बताई स्थिति

# समस्या का समाधान नहीं हुआ तो कल से बेमियादी भूख हड़ताल: आतिशी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भीषण गर्मी के बीच राष्ट्रीय राजधानी में जारी पेयजल संकट को लेकर राजनीति भी गरमाने लगी है। दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पानी के मुद्दे पर पत्र लिखा है। उन्होंने से कहा है कि अगर 21 जून तक दिल्ली में पानी की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वह इसी दिन से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर चली जाएंगी।

आतिशी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हरियाणा राजधानी के हिस्से का पानी नहीं छोड़ रहा है इसलिए दिल्ली जल संकट से जूझ रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कुल पानी की सप्लाई 1050 मिलियन गैलन प्रतिदिन (MGD) है, इसमें से 613एमजीडी पानी हरियाणा से आता है। मंगलवार को हरियाणा ने दिल्ली के लिए 613 एमजीडी के बजाए 513 एमजीडी पानी छोड़ा। यानी 100 एमजीडी पानी की कमी हो गई है। इसका मतलब यह है कि 28 लाख लागों को पानी कम मिल रहा है। आतिशी ने कहा कि लोग एक ओर भीषण गर्मी का सामना कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर उन्हें जल संकट का भी सामना करना पड रहा है।



### हरियाणा नहीं आने दे रहा है पानी


आतिशी ने कहा कि हरियाणा को लिखा गया है कि दिल्ली को पर्याप्त पानी नहीं मिला है। हिमाचल पानी देने के लिए तैयार है,लेकिन हरियाणा वो पानी आने नहीं दे रहा है। दिल्ली सरकार के सभी आला अफसर मंगलवार को हरियाणा के अधिकारियों से मिलने गए लेकिन हरियाणा ने पानी देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा, मैंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जल संकट के संबंध में पत्र लिखा है और उनसे इस मुद्दे को हल करने का अनुरोध किया है। अगर दो दिन में समस्या हल नहीं हुई तो मैं 21 जून से अनिश्चितकालीन अनशन करूंगी।

### हद पार कर चुका है दिल्ली वालों का कष्ट , नहीं सुनी जा रही गुहार

आतिशी ने कहा कि अब दिल्ली वालों का कष्ट हद पार कर चुका है। मैंने हिमाचल के मुख्यमंत्री से बात की तो उन्होंने कहा कि वो हिमाचल से पानी देने को तैयार हैं, लेकिन वो पानी भी हरियाणा से होकर ही आना है। हरियाणा ने हिमाचल का पानी भी देने से मना कर दिया। मैंने सुप्रीम कोर्ट के सामने गुहार लगाई कि दिल्ली को इस 100 एमजीडी पानी की जरुरत है वरना दिल्ली के 28 लाख लोगों को पानी नहीं मिल सकेगा। सुप्रीम कोर्ट ने भी माना है कि दिल्ली में पानी का संकट है, लेकिन इसके बावजूद हरियाणा सरकार ने दिल्ली को पानी नहीं दिया। हमारी हर संभव कोशिश के बाद हरियाणा सरकार दिल्ली को पानी नहीं देती।

## जरूरी खबर

### राशन घोटाले में रितुपर्णा सेनगुप्ता से पूछताछ



**कोलकाता** । पश्चिम बंगाल में राशन घोटाला मामले में प्रसिद्ध अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता से बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब पांच घंटे पूछताछ की। वे दोपहर करीब 1 बजे ईडी कार्यालय में दाखिल हुईं। करीब पांच घंटे बाद वह ईडी कार्यालय से बाहर आईं। उन्होंने दावा किया कि उनका 'राशन भ्रष्टाचार' से कोई लेना-देना नहीं है। उनसे जो दस्तावेज मांगे गए थे, उन्होंने जांचकर्ताओं को सौंप दिए हैं। जांचकर्ता मेरे सहयोग से खुश हैं। जांचकर्ताओं ने भी सहयोग किया, मैंने भी सहयोग किया।

### कांग्रेस में वापसी चाहते प्रणव मुखर्जी के पुत्र अभिजीत



**नई दिल्ली**। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत मुखर्जी ने कांग्रेस में दोबारा शामिल होने की इच्छा जताई है। वह वर्ष 2021 में कांग्रेस का दामन छोड़कर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल हुए थे। पश्चिम बंगाल की जंगीपुर लोकसभा सीट से सांसद रह चुके अभिजीत मुखर्जी ने कहा कि टीएमसी में शामिल होने के बाद उन्हें कोई काम नहीं मिला। उन्होंने कहा कि टीएमसी की कार्य संस्कृति कांग्रेस से बिल्कुल भी मेल नहीं खाती। मुखर्जी ने कहा मैंने सोचा कि अब बहुत हो गया।। उन्होंने कहा, मैंने कांग्रेस आलाकमान से समय मांगा है। एक-दो दिन में वह संभवत कांग्रेस आलाकमान से मिलेंगे।

**महाराष्ट्र: भाजपा का विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर मंथन**

# महायुति के सीएम फेस पर अभी फैसला नहीं: बावनकुले

**एजेंसी** | मुंबई

लोकसभा चुनाव में लगे झटके बाद से ही महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति यानी राजग में सियासी खींचतनान जारी है। महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंदशेखर बावनकुले ने बुधवार को कहा कि अगामी विधानसभा चुनाव में महायुति का मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार किसे बनाया जाए, इस बारे में अब तक कोई फैसला नहीं हुआ है। सीएम के चेहरे को लेकर फैसला भारतीय जनता पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व और गठबंधन के सहयोगी दल करेंगे। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस राज्य में उनकी पार्टी के नेता रहेंगे।

बावनकुले दिल्ली में भाजपा के कोर समूह की बैठक में शामिल होकर लौटने के बाद बुधवार को नागपुर हवाईअड्डे पर संवाददाताओं से बात कर रहे थे। बताया कि बैठक में पार्टी नेताओं ने राज्य में भाजपा, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की महायुति के कमजोर प्रदर्शन पर बात की और इस बारे में भी चर्चा की गई कि विपक्षी गठजोड़ महाविकास आघाडी की तुलना में उसका वोट प्रतिशत 0.3% कम क्यों रह गया। बावनकुले ने कहा, हमने इस बारे में विचार-विमर्श किया कि हम आगामी राज्य विधानसभा चुनाव में इस अंतराल को कैसे पाट सकते हैं। क्या फडणवीस सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए मुख्यमंत्री पद का चेहरा होंगे, इस प्रश्न पर बावनकुले ने कहा कि उनका ध्यान महाराष्ट्र की जनता के विकास पर है, जबकि एमवीए में ऐसा नहीं है जहां मुख्यमंत्री पद के पांच-छह उम्मीदवार हैं। तो हमारा केंद्रीय नेतृत्व, महाराष्ट्र प्रभारी भूपेंद्र यादव और अश्विनी वैष्णव तथा महायुति के नेता एकनाथ शिंदे एवं अजित पवार साथ में बैठेंगे और फैसला करेंगे।

### जल्द ही NDA के सहयोगियों के साथ चर्चा करेंगे

फडणवीस ने बताया कि जल्द ही राजग के सहयोगियों के साथ चर्चा करेंगे और रणनीति बनाएंगे कि कैसे चुनाव जीता जाए। केंद्रीय टीम हमारे साथ है। हम मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। ज्ञात रहे कि लोकसभा चुनाव में महायुति को महाराष्ट्र की 48 में से 17 सीट पर ही जीत मिली है। वहीं, कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (एसपी) के एमवीए गठबंधन ने 30 सीट पर जीत हासिल की है।





### प्रदेश नेतृत्व में नहीं होगा बदलाव

दूसरी ओर मंगलवार को महाराष्ट्र भाजपा के कोर ग्रुप की बैठक में तय किया गया है कि महाराष्ट्र भाजपा के नेतृत्व में किसी भी तरह का बदलाव नहीं होगा। इस बैठक में भाजपा, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की महायुति के कमजोर प्रदर्शन पर भी बात हुई। इसके साथ ही आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर चर्चा हुई। बैठक में भाजपा अध्यक्ष अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राव साहब दानवे और चंद्रशेखर बावन कुले समेत पार्टी के तमाम बड़े नेता पहुंचे।

### भाजपा के लिए यह है चिंता का विषय

2019 की तुलना में भाजपा का वोट प्रतिशत काफी कम गिरा है लेकिन भाजपा की सीटों की संख्या डबल डिजिट से सिंगल में आ गई है। महाराष्ट्र में भाजपा के लिए खुद से ज्यादा सहयोगियों का प्रदर्शन चिंतित कर रहा है। महाराष्ट्र में एक लोकसभा सीट में 6 विधानसभा सीटें आती है। लोकसभा चुनावों में महाविकास आघाडी को राज्य की कुल 288 विधानसभा सीटों में 154 सीटों पर बढ़त मिली थी जबकि महायुति 123 सीटों पर आगे है। राज्य विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 145 सीटों का है। ऐसे में महाविकास आघाडी को बहुमत से 11 अधिक सीटों पर बढ़त मिली।

**आबकारी घोटाला मामला**

# अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ी

### 100 करोड़ की रिश्वत मांगने का आरोप

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ा दी। उनकी न्यायिक हिरासत बुधवार 19 जून को खत्म हो रही है। केजरीवाल को कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया था।

दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान प्रवर्तन निदेशालय ने आम आदमी पार्टी नेता के खिलाफ कई आरोप लगाए और कहा कि उसके पास इस बात के सबूत हैं कि उन्होंने 100 करोड़ रुपए की रिश्वत मांगी थी। जांच एजेंसी ने यह भी स्पष्ट किया कि रिश्वत के आरोप केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की तरफ से लगाए गए थे।

केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। 1 अप्रैल को वे तिहाड़ जेल भेजे गए। सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को उन्हें अंतरिम जमानत दी थी। वह लोकसभा चुनाव के चलते 1 जून तक अंतरिम जमानत पर बाहर आए थे। उन्होंने 2 जून को दिल्ली के तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण कर दिया था। सुनवाई के दौरान केजरीवाल के वकील ने न्यायिक हिरासत बढ़ाने का विरोध किया। उन्होंने कहा कि ईडी के पास ऐसा कोई तर्क नहीं है, जिसके आधार पर न्यायिक हिरासत बढ़ाई जा सके।



अरविंद केजरीवाल फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। उन्हें अब रद्द की जा चुकी दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में ईडी ने इस साल मार्च में गिरफ्तार किया था।

**महाराष्ट्र:** शरद पवार ने किसानों की समस्याएं सुनी, कहा...

# किसानों की समस्याएं करेंगे हल

**पुणे**। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने विधानसभा चुनाव में जीत पर भरोसा जताया है। पवार ने बुधवार को पुणे जिले की बारामती तहसील के नीरा वागज गांव में किसानों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य दोनों ही जगह हमारी सरकार नहीं है। लेकिन विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। उन्होंने कहा कि अगर सत्ता हमारे पास आती है तो हम किसानों की समस्या को हल करेंगे।

उन्होंने कहा कि हमने देखा है कि लोकसभा चुनाव में किस तरह जनादेश मिला है। अगर राज्य विधानसभा चुनाव में भी ऐसा जनादेश मिलता है तो महाराष्ट्र की बागडोर हमारे हाथ में होगी। उन्होंने कहा, अगर राज्य सरकार की शक्ति हमारे हाथ में आ जाए तो किसानों की सभी समस्याएं हल हो सकती हैं। शरद पवार ने पुणे जिले में नीरा नदी के जल प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नदी के पानी को प्रदूषित करने में चीनी मिल की बड़ी भूमिका है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह इस मुद्दे को सुलझाने के लिए राज्य और केंद्र सरकारों से बात करेंगे।



बता दें कि इस बार लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों पर चुनाव हुआ। जिसमें कांग्रेस ने 13 सीटें जीतीं, वहीं शिवसेना (यूबीटी) ने नौ और एनसीपी (एसपी) ने आठ सीटें जीतीं।

**खरगे ने** लोकसभा अध्यक्ष व राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखकर कहा...

# मूर्तियों को मूल स्थान पर करें स्थापित

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को पत्र लिखकर संसद परिसर में महात्मा गांधी, डॉ. बीआर अंबेडकर और अन्य नेताओं की मूर्तियों को पुराने स्थल पर स्थापित करने का आग्रह किया है।

उन्होंने इस मामले में नाराजगी भी जाहिर की और कहा कि मूर्तियों को बिना किसी परामर्श के मनमाने ढंग से हटाना लोकतंत्र की मूल भावना का उल्लंघन है। उन्होंने मांग की है कि मूर्तियों को उनके मूल स्थान पर ही स्थापित किया जाए। ज्ञात रहे कि इन मूर्तियों को हाल ही में संसद परिसर में एक नए स्थान पर स्थापित किया गया था जिसे प्रेरणा स्थल नाम दिया गया है। खरगे ने लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा सभापति को अलग-अलग भेजे गए अपने पत्र में कहा कि संसद परिसर में प्रतिमाओं के स्थान का अत्यधिक मूल्य और महत्व है।



उन्होंने कहा कि संसद परिसर में राष्ट्रीय नेताओं और सांसदों के चित्र और मूर्तियां स्थापित करने के लिए एक समर्पित समिति है, लेकिन 2019 के बाद से समिति का पुनर्गठन नहीं किया गया है। विपक्षी दल अक्सर संसद परिसर के भीतर महात्मा गांधी और अंबेडकर की मूर्तियों के सामने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते रहे हैं।

**हरियाणा के तीनों लाल की नई पीढ़ी थाम चुकी है कमल**

# बेटी श्रुति के साथ किरण चौधरी BJP में शामिल, बदलेंगे सियासी समीकरण

**एजेंसी** | नई दिल्ली/चंडीगढ़

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल की बहू किरण चौधरी और उनकी बेटी व पूर्व सासंद श्रुति चौधरी बुधवार को भाजपा में शामिल हो गई हैं। इसे राज्य में अगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस के लिए झटका माना जा रहा है।

समझा जाता है कि इससे राज्य में नए सियासी समीकरण बनेंगे। नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व सीएम व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की मौजूदगी में किरण चौधरी व श्रुति चौधरी भाजपा में शामिल हुईं। इसी के साथ ही हरियाणा के तीनों लालों के 'लाल' भाजपा का दामन थाम चुके हैं। यानी देवीलाल, भजनलाल, बंसीलाल की नई पीढ़ियां अब भाजपा से जुड़ गई हैं। यह महज संयोग है कि एक वक्त पर राज्य में एक दूसरे धुर राजनीतिक विरोधी रहे तीनों परिवार अब एक साथ भाजपा से राजनीति करेंगे। पूर्व सीएम भजनलाल के बेटे कुलदीप बिश्नोई, रेणुका बिश्नोई और भव्य बिश्नोई पहले से ही भाजपा में हैं और राज्य के मुख्यमंत्री व देश के उप प्रधानमंत्री रहे देवीलाल के बेटे रणजीत सिंह चौटाला लोकसभा चुनावों से पहले भाजपा में शामिल हुए थे। पार्टी ने उन्हें हिसार लोकसभा सीट से चुनाव लड़ाया था, हालांकि वे चुनाव हार गए थे। कांग्रेस के उम्मीदवार जयप्रकाश को जीत मिली थी।एक बंसीलाल का परिवार ही बचा था तो उनकी बहू किरण चौधरी और पोती श्रुति चौधरी भी अब भाजपा में शामिल हो चुकी हैं।




तोशाम से विधायक किरण चौधरी लोकसभा चुनावों में भिवानी-महेंद्रगढ़ से कांग्रेस नेता राव दान सिंह को टिकट दिए जाने से नाराज थीं। लोकसभा चुनाव में इस सीट पर भाजपा को जीत मिली थी। कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक राव दान सिंह चुनाव हार गए थे।

### इस्तीफे में पूर्व CM हुड्डा पर साधा था निशाना

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार किरण चौधरी ने मल्लिकार्जुन खरगे को भेजे अपने इस्तीफे में आरोप लगाया था कि हरियाणा कांग्रेस एक आदमी की पार्टी बन गई है। उन्होंने बिना नाम लिए हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि पार्टी को व्यक्तिगत जागीर के रूप में चलाया जा रहा है। मेरे जैसे ईमानदार लोगों की पार्टी में कोई जगह नहीं है। मेरी आवाज दबाकर मुझे अपमानित किया गया। मेरे खिलाफ साजिश रजी गई।। मैं पिछले 4 दशकों से कांग्रेस पार्टी की एक वफादार सदस्य रही हूं। मैं पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रही हूं। वहीं, किरण चौधरी की बेटी और पूर्व सांसद श्रुति चौधरी ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस पार्टी स्वार्थी हो गई है और अब मेरे लिए आगे बढ़ने का समय है ताकि मैं अपने लोगों के हितों को बनाए रख सकूं।

### जाट वोटरों को साधने की जुगत!

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि किरण चौधरी एक जाट नेता भी हैं और भाजपा उनके जरिए हरियाणा में जाट वोटरों को साधने की भी जुगत में है। किरण व उनकी बेटी श्रुति चौधरी के भाजपा में आने से पार्टी के लिए अगामी विधानसभा चुनाव में 'जाट' वोटरों को साधने की चुनौती कम हो जाएगी। इससे पहले चौ. बीरेंद्र सिंह और उनके बेटे बृजेंद्र सिंह, भाजपा में दस साल रहने के बाद लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में वापसी कर गए थे। अब देखने वाली बात यह है कि तीन चार माह बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में क्या किरण चौधरी, भाजपा और जाटों की दूरी को घटाने में कामयाब हो सकेंगी या नहीं।

### राज्यसभा चुनाव के बाद ही शुरू हो गई थी भाजपा में शामिल होने की अटकलें

हालांकि लोकसभा चुनाव से पहले भी किरण चौधरी के भाजपा में जाने की अटकलें थीं, लेकिन तब उन्हें श्रुति चौधरी को भिवानी-महेंद्रगढ़ से टिकट मिलने की उम्मीद थी, जो बाद में टूट गई। उन्हें सैलजा-किरण-रणदीप गुट की मजबूत नेता माना जाता है। पिछले दिनों राज्यसभा में अजय माकन की हार का जिम्मेदार हुड्डा ग्रुप की ओर से किरण चौधरी को ठहराया गया, जिसमें भाजपा को फायदा हुआ था। तभी से उनके भाजपा में जाने की अटकलें तेज हो गई थीं। ये भी कहा जा रहा है कि भाजपा में उनकी एंट्री का श्रेय पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर को भी जाता है।

## जरूरी खबर

### युवक को कार से रौंदा, सांसद की बेटी गिरफ्तार

**चेन्नई।** पुणे पोर्श दुर्घटना के एक महीने के भीतर एक और हाई-प्रोफाइल हिट-एंड-रन का मामला सामने आया है। आरोप है कि वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सांसद बीड़ा मस्तान राव की बेटी बीड़ा माधुरी ने कथित तौर पर 17 जून की रात को अपनी कार से चेन्नई में फुटपाथ पर सो रहे एक व्यक्ति को रौंद दिया। 24 वर्षीय घायल व्यक्ति ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। वहीं, पुलिस ने बुधवार को कहा कि आरोपी माधुरी को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया है। हालांकि, बाद में उसको जमानत पर रिहा कर दिया गया। दुर्घटना के बाद माधुरी कार में बैठी एक अन्य महिला के साथ मौके से फरार हो गई थी।

### नए आपराधिक कानूनों पर रोक लगाने की मांग

**नई दिल्ली।** नए आपराधिक कानूनों पर रोक लगाने के लिए देश भर के 3,695 नागरिकों ने एक याचिका पर हस्ताक्षर किए हैं। याचिका में सत्तारुढ़ गठबंधन राजग और विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए में शामिल विभिन्न दलों के नेताओं से हस्तक्षेप करने और नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को रोकने का आग्रह किया गया है। हस्ताक्षर करने वाले लोगों ने नए आपराधिक कानूनों को लोकतंत्र विरोधी बताया है। याचिका पर हस्ताक्षर करने वाले प्रमुख लोगों में तुषार गांधी, तनिका सरकार, हेनरी टीफागने, मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) सुधीर वोम्बटकेरे, तीस्ता सीतलवाड़, कविता श्रीवास्तव और शबनम हाशमी शामिल हैं। आंध्र प्रदेश और बिहार के मुख्यमंत्रियों एन चंद्रबाबू नायडू एवं नीतीश कुमार को संबोधित यह याचिका विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुख लोगों को भेजी गई है।

### झारखंड में जातीय सर्वेक्षण कराएगी सरकार

**रांची।** झारखंड की सोरेन सरकार राज्य में जातीय सर्वेक्षण कराएगी. यह निर्णय सीएम चंपई सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया। इसके लिए झारखंड कार्यपालिका नियमावली में संशोधन करते हुए कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग को जातीय सर्वेक्षण का दायित्व सौंपा गया है। कैबिनेट सेक्रेटरी वंदना डाडेल ने यह जानकारी दी। कैबिनेट में पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि जातीय सर्वेक्षण का उद्देश्य राज्य में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी वर्ग को आनुपातिक समानता का अवसर प्रदान करना है।

## नालंदा विश्वविद्यालय के नए कैंपस का लोकार्पण




*राजगीर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए कैंपस का लोकार्पण किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व अन्य नेताओं के साथ।*

### अस्पतालों में हीटवेव इकाइयां करें स्थापित



**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने बुधवार को स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ देश भर में लू की स्थिति और लू से निपटने के लिए अस्पतालों की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने केंद्र सरकार के अस्पतालों में विशेष हीटवेव इकाइयां स्थापित करने का भी निर्देश दिया। एक सरकारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है।

स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि अस्पताल हीटवेव से प्रभावित लोगों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए तैयार रहें। नड्डा के निर्देशों के तहत, स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा एक सलाह जारी की गई है।

## करीब 815 साल बाद नए स्वरूप में लौटा नालंदा विश्वविद्यालय

# आग की लपटें पुस्तकें जला सकती हैं, ज्ञान को नहीं: PM

**एजेंसी।** राजगीर(बिहार)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि किताबें जल सकती हैं, लेकिन आग की लपटें ज्ञान नहीं नष्ट हो सकती हैं। उन्होंने नालंदा यूनिवर्सिटी को भारत का गौरव बताते हुए कहा कि हमारा देश मानव मूल्यों को संरक्षित करता है और जानता है कि इतिहास को कैसे पुनर्जीवित किया जाता है। पीएम मोदी ने बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए कैंपस का लोकार्पण करते हुए यह बात कही। लोकार्पण के साथ ही 815 साल के लंबे इंतजार के बाद नालंदा विश्वविद्यालय का केंद्र एक बार फिर से अपने पुराने स्वरूप में लौट आया है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि आगामी 25 साल देश के युवाओं के लिए काफी अहम हैं।

उन्होंने नालंदा यूनिवर्सिटी के पुनर्निर्माण में सहयोग के लिए सहयोगी देशों का धन्यवाद भी किया। पीएम ने कहा कि बिहार जिस तरह से विकास की ओर आगे बढ़ रहा है, नालंदा यूनिवर्सिटी का यह कैंपस उसी की प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि अपने प्राचीन अवशेषों के समीप नालंदा का नवजागरण, ये नया कैंपस विश्व को भारत के सामर्थ्य का परिचय देगा। नालंदा बताएगा कि जो राष्ट्र मजबूत मालवीय मूल्यों पर खड़े होते हैं, वह इतिहास को पुनर्जीवित करके बेहतर भविष्य की नींव रखना जानते हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि नालंदा का अर्थ 'न अलं ददाति इति नालंदा', यानी जहां शिक्षा और ज्ञान का अविरल प्रवाह हो। शिक्षा को लेकर यही भारत की सोच रही है। शिक्षा सीमाओं से परे है। इसे नफा नुकसान के नजरिए से नहीं देखा जा सकता है। शिक्षा ही हमें गढ़ती है, विचार देती है और उसे आकार देती है।



### नालंदा केवल नाम नहीं, एक पहचान भी है

प्रधानमंत्री ने कहा,नालंदा केवल एक नाम नहीं है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है। प्रधानमंत्री ने नालंदा के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का जिक्र करते हुए कहा, प्राचीन नालंदा में बच्चों का प्रवेश उनकी पहचान, उनकी राष्ट्रीयता को देखकर नहीं होता था। हर देश, हर वर्ग के युवा यहां आते थे। उन्होंने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय के इस नए कैंपस में हमें उसी प्राचीन व्यवस्था को फिर से मजबूती देनी है। दुनिया के कई देशों से यहां छात्र आने लगे हैं। यहां नालंदा में 20 से ज्यादा देशों के छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। ये वसुधैव कुटुंबकम की भावना का कितना सुंदर प्रतीक है।

### बहुत खास है नई नालंदा यूनिवर्सिटी

बता दें कि नालंदा यूनिवर्सिटी को उसी स्थल पर बसाया गया है, जहां प्राचीन काल में विश्वविद्यालय था। इस नई बनी सेंट्रल यूनिवर्सिटी के परिसर में दो अकादमिक ब्लॉक होंगे। इनमें 40 क्लासरूम होंगे और 1900 के करीब छात्रों के बैठने की व्यवस्था होगी। इसके अलावा छात्रों के लिए हॉस्टल और ऑडिटोरियम आदि की भी व्यवस्था रहेगी। इस यूनिवर्सिटी की बिजली व्यवस्था सोलर सिस्टम पर आधारित है।

### भारत के सभी मित्र देशों का अभिनंदन

पीएम मोदी ने कहा,नालंदा केवल भारत के ही अतीत का पुनर्जागरण नहीं है। इसमें विश्व के एशिया के कितने ही देशों की विरासत जुड़ी हुई है। नालंदा यूनिवर्सिटी के पुनर्निर्माण में हमारे साथी देशों की भागीदारी भी रही है। मैं इस अवसर पर भारत के सभी मित्र देशों का अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय से पूरी दुनिया को संदेश भी दिया। नालंदा केवल भारत के अतीत का ही पुनर्जागरण नहीं है, इसमें भारत ही नहीं एशिया के कितने देशों की विरासत जुड़ी है। एक यूनिवर्सिटी के उद्घाटन में इतने देशों के प्रतिनिधियों का शामिल होना अपने आप में अभूतपूर्व है।

### नीतीश ने PM मोदी की अंगुली पकड़ी, हाथ पर लगी स्याही देखी

इस बीच पीएम मोदी के कार्यक्रम का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें नीतीश कुमार उनकी अंगुली देख रहे हैं। वीडियो में दिखता है कि नीतीश कुमार पीएम मोदी के बाएं हाथ की अंगुली देखते हैं, जिसमें वोटिंग के दौरान लगाई गई स्याही थी। यही नहीं इसके बाद वह पीएम मोदी को भी अपनी अंगुली दिखाते हैं, जिसमें स्याही लगी होती है। यह वाकया उस दौरान का है, जब कैंपस के उद्घाटन कार्यक्रम को नालंदा यूनिवर्सिटी के चांसलर अरविंद पनगढ़िया संबोधित कर रहे होते हैं। इसी बीच, कैमरा अचानक से पीएम नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार पर फोकस करता है। वीडियो में दिखता है कि नीतीश कुमार ने पीएम मोदी के बाएं हाथ की अंगुली पकड़ रखी है और उसमें लगी स्याही देख रहे हैं।

## पीएम मोदी का कश्मीर दौरा आज से

# चप्पे-चप्पे पर रहेगी सुरक्षाकर्मियों की नजर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार को जम्मू-कश्मीर पहुंच रहे हैं। वे 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां से पीएम मोदी देश और दुनिया को योग के महत्व के बारे में बताएंगे।



इससे पहले प्रधानमंत्री 20 जून को शाम करीब 6 बजे श्रीनगर पहुंचेंगे और कई कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसी बीच पीएम मोदी की सुरक्षा को लेकर सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह से तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वाराणसी में हुई सुरक्षा में सेंधमारी के बार एसपीजी कोई जोखिम नहीं लेना चाहती, इसीलिए ये तय किया गया है कि जब प्रधानमंत्री का क़ाफ़िला स्टेडियम की ओर बढ़ेगा तो किसी तरह को मूवमेंट ना इस सड़क पर ना उसके आस पास वाली सड़क पर होगी। पीएम मोदी के कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से कड़ी कर दी गई है।

आयोजन स्थल को अपने कब्जे में लेने के बाद एसपीजी के कमांडोज ने मॉक ड्रिल का आयोजन किया। पूरा श्रीनगर जिला हाई अलर्ट पर है। एसपीजी के अलावा, नौसेना के मार्को कमांडो वार्षिक योग कार्यक्रम स्थल एसकेआईसीसी के आसपास तैनात हैं।

## आतंक के खिलाफ अभियान

# J&K: सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को किया ढेर

**एजेंसी** | जम्मू

जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया है। हालांकि, दो सुरक्षाकर्मी भी घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने बुधवार सुबह जिले के वाटरगाम इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू करने के बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि



मुठभेड़ स्थल पर दो शव देखे गए हैं, लेकिन अभी तक उन्हें बरामद नहीं किया जा सका है। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों के साथ गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी और एक सेना का जवान घायल हो गया।

इससे पहले, सोमवार को बांदीपोरा जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया था।

## इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट फर्म हेनले एंड पार्टनर्स का दावा

# इस साल 4300 भारतीय करोड़पति छोड़ सकते हैं देश

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत एक आर्थिक शक्ति के रूप में दुनिया के सामने उभर रहा है। भारत दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था बन चुका है। इस बीच एक रिपोर्ट में सामने आया है कि इस साल करीब 4,300 करोड़पति भारत छोड़कर जा सकते हैं।

इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट फर्म हेनले एंड पार्टनर्स ने अपनी हालिया रिपोर्ट में दावा किया है कि भारत छोड़ने वाले करोड़पतियों में से बड़ी संख्या में लोग संयुक्त अरब अमीरात (यूएई को अपना पसंदीदा गंतव्य स्थान के रूप में चुन सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल करीब 5100 करोड़पति भारत से




पलायन कर चुके हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला भारत करोड़पतियों के पलायन के मामले में दुनिया भर में चीन और ब्रिटेन के बाद तीसरे स्थान पर आ सकता है। माना जा रहा है कि भारत अब आबादी के मामले में दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश चीन से आगे निकल चुका है लेकिन इसका शुद्ध करोड़पति पलायन चीन की दर 30% से अभी पीछे है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जितने लोग विदेश पलायन कर रहे हैं, उससे ज्यादा संख्या में उसी पूंजी मूल्य वर्ग के लोग भारत में पैदा हो रहे हैं। यानी नए करोड़पति बन रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार भारतीय करोड़पति पलायन कर विदेशों में जाकर बस रहे हैं लेकिन वे अपने दूसरे घर के रूप में भारत को नहीं छोड़ रहे हैं और ना ही अपने कारोबारी हितों को छोड़ पा रहे हैं। बता दें कि ऐसे प्रवासी करोड़पति अपने साथ पर्याप्त संपत्ति ले जाकर विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इतना ही नहीं उनका इनवेस्टमेंट इक्विटी प्लेसमेंट के माध्यम से स्थानीय शेयर बाजारों को भी प्रोत्साहित करता है।

### दुनिया भर में 128,000 करोड़पति जाएंगे दूसरे देश

रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में लगभग 128,000 करोड़पति 2024 में किसी नए देश में रहने के लिए जा सकते हैं। इनमें से सबसे ज्यादा लोग संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका जा रहे हैं। अमीर लोगों का यह पलायन अहम है क्योंकि यह अक्सर देश के आर्थिक हालात और वहां से करोड़पतियों के जाने के कारणों को बताता है।

### मध्यमवर्ग के लिए अच्छी खबर नहीं

जिन देशों से करोड़पति जा रहे हैं, वहां के मिडिल क्लास के लोगों के लिए यह अच्छी बात नहीं है। ऐसा इसलिए है क्योंकि करोड़पति जो कंपनियां खोलते हैं, उनसे रोजगार के काफी अवसर पैदा होते हैं। उदाहरण के लिए, माइक्रोसॉफ्ट, एप्पल और टेस्ला जैसी कंपनियों ने अमेरिका में हजारों लोगों को नौकरी दी है। इससे पता चलता है कि करोड़पतियों की कंपनियों का अर्थव्यवस्था पर कितना बड़ा असर पड़ सकता है।

## कनाडा की फिर शर्मनाक हरकत

# भारत की खरी-खरी, दिलाई कनिष्क हादसे की याद

**नई दिल्ली।** कनाडा की संसद में खालिस्तानी आतंकवादी के सम्मान में उसकी बरसी पर मौन रखने मामले में वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने दुनिया को एयर इंडिया की उड़ान 182 (कनिष्क) को बम से उड़ाने की घटना की याद दिलाई जिसमें 86 बच्चों समेत 329 लोग मारे गए थे। वैंकूवर में भारतीय महावाणिज्य दूत के आधिकारिक एक्स हैंडल से बुधवार को एक पोस्ट में कहा गया कि भारत आतंकवाद के खतरे के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे खड़ा है और इस वैश्विक खतरे से निपटने के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

इस पोस्ट में कहा गया है कि 23 जून 2024 को कायर आतंकवादियों द्वारा एयर इंडिया की उड़ान 182 (कनिष्क) को बम से उड़ाने की 39वीं बरसी है। वह इतिहास में आतंक से जुड़े सबसे जघन्य हवाई हादसों में से एक था जिसमें 86 बच्चों सहित 329 निरपराध लोगों की जान चली गई थी।

वाणिज्य दूतावास 23 जून को शाम 6.30 बजे स्टेनली पार्क के केपरली प्लेग्राउंड क्षेत्र में एयर इंडिया मेमोरियल पर एक स्मारक कार्यक्रम का भी आयोजन करेगा।

**क्रीड़ा भारती राजस्थान और श्री कृष्ण बलराम सेवा ट्रस्ट का मल्लखंब प्रशिक्षण वर्ग शुरू**

## गो सेवक परिवारों के बच्चों ने हिंगोनिया गोशाला में दिखाया मल्लखंब कौशल

**बेधड़क.जयपुर।** क्रीड़ा भारती राजस्थान और श्री कृष्ण बलराम सेवा ट्रस्ट हिंगोनिया गोशाला जयपुर द्वारा मल्लखंब प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती के तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री कृष्ण बलराम सेवा ट्रस्ट के रघुपति दास महाराज ने की। क्रीड़ा भारती जयपुर प्रांत के मंत्री कैलाश शर्मा, सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती उपाध्यक्ष मोहित टेलर, जयपुर प्रांत प्रचार प्रमुख रामकिशोर कुमावत, सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती संयोजक मनीष शर्मा, सहसंयोजक सत्यवीर योगी, द्रोणाचार्य पुरस्कृत कोच केशव मालवीय आदि गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।









### बालक-बालिकाओं को बताया खेलों का महत्व

इस अवसर पर जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा ने प्रशिक्षण शिविरार्थियों व उपस्थित गो सेवक परिवार के बालक-बालिकाओं को खेलों के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से हम अपना सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। इस अवसर पर हिंगोनिया गौशाला के रघुपति दास, प्रांत मंत्री कैलाश, सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती उपाध्यक्ष मोहित टेलर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अतिथियों का माल्यार्पण व दुपट्टा ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम के अंत में सांगानेर महानगर क्रीड़ा भारती संयोजक मनीष शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## सलमान खान ने शुरू की सिकंदर फिल्म की शूटिंग



**बेधड़क. जयपुर।** सलमान खान ने अपनी नई फिल्म सिकंदर की शूटिंग शुरू कर दी है। मेकर्स ने इसकी जानकारी एक सेट का फोटो शेयर कर के की है, जिसमें सलमान खान और मुरुगदास मोनिटर में कुछ देख रहे हैं। बता दें कि सलमान खान यह मूवी साउथ के फेमस डायरेक्टर एआर मुरुगदास के साथ करने जा रहे हैं। इसमें सलमान के अपोजिट हीरोइन भी खास है। जी हां पुष्पा फेम और नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना इसमें उनके अपोजिट दिखाई देंगी। सलमान खान और रश्मिका मंदाना की जोड़ी इस मूवी में पहली बार काम करेंगी। रश्मिका की प्रोड्यूसर साजिद नाडियावाला के साथ भी यह पहली मूवी है। सिकंदर अगले साल ईद पर रिलीज होगी।

## 'मून वॉक' होगा प्रभुदेवा की नई फिल्म का टाइटल




**बेधड़क. जयपुर।** प्रभुदेवा की नई पेन इंडिया फिल्म को टाइटल मिल गया है। उनकी अपकमिंग मूवी का टेंटेटिव टाइटल एआरआरपीडी 6 था। बुधवार को इसका टाइटल अनाउंस किया गया। इसका नया नाम होगा मून वॉक। मनोज एनएस के निर्देशन में बनने जा रही इस मूवी का टाइटल डिस्कलोज करने के साथ ही मेकर्स ने इसका पहला पोस्टर भी रिवील किया है। इसमें प्रभुदेवा हेट को हाथ से पकड़े हुए मून वॉक वाले स्टेप लेते हुए दिखाई रहे हैं। इस मूवी के प्रोड्यूसर हैं मनोज एनएस, दिव्या मनोज और प्रवीण एलक। मून वॉक पांच भाषाओं हिंदी, मलयालम, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ में रिलीज की जाएगी। फिल्म में संगीत प्रसिद्ध् संगीतकार एआर रहमान देंगे।

# City इवेंट्स

### 20 साल बाद फिर आ रही है 'लक्ष्य'



**बेधड़क. जयपुर।** ऋतिक रोशन की फिल्म लक्ष्य बीस साल बाद एक बार फिर से सिनेमाघरों में लौट रही है। फरहान अख्तर के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म 21 जून को दोबारा रिलीज होगी। इस मूवी में ऋतिक के साथ बिग बी अमिताभ बच्चन भी महत्वपूर्ण भूमिका में थे। लक्ष्य में ऋतिक की हीरोइन प्रीति जिंटा थी। सन 2004 में रिलीज हुई यह फिल्म जावेद अख्तर की करगिल वॉर पर लिखी कहानी पर बेस्ड थी। इसकी कहानी करण शेरगिल के बारे में है, जो एक लक्ष्यहीन, आलसी युवक और दिल्ली के एक अमीर व्यापारी का बेटा है। वह भारतीय सेना में शामिल हो जाता है और युद्ध शुरू होने से ठीक पहले युद्ध के मैदान का नायक बन जाता है। वह युद्ध के दौरान भारतीय सेना का नेतृत्व करता है।

### फिक्की फ्लो का योग महोत्सव कल

**बेधड़क. जयपुर।** फिक्की फ्लो की चेयरपर्सन रघुश्री पोद्दार के नेतृत्व में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 'योग महोत्सव' मनाया जाएगा। जय महल पैलेस में होने वाले इस कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 6:30 बजे आत्म संगीतमय सैर से होगी। इसके बाद सुबह 7 से सुबह 7:45 बजे तक प्रसिद्ध योग विशेषज्ञ श्वेता सहारन सिंह योग और मुद्रा के माध्यम से उपस्थित लोगों का मार्गदर्शन करेंगी। यह सत्र ऊर्जा के प्रवाह को बढ़ाने और शारीरिक और मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न आसनों के अभ्यास पर केंद्रित होगा। कार्यक्रम में स्वस्थ व्यंजन सीखने पर सुबह 7:45 बजे से 8:15 बजे तक एक विशेष सत्र भी होगा। विशेषज्ञ शेफ पंकज शर्मा स्वस्थ और स्वादिष्ट व्यंजनों को बनाने में अंतर्दृष्टि साझा करेंगे। कार्यक्रम का समापन जय महल पैलेस में एक स्वादिष्ट नाश्ते के साथ होगा।

### 'वुमन स्पेशल' ओपन माइक लीग आज

**बेधड़क. जयपुर।** विनीत जैन क्रिएशन्स (वीजेसी), राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के सहयोग से ओपन माइक लीग 'वुमन स्पेशल' कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को करेगी। राजस्थान जैन युवा महासभा, जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि यह कार्यक्रम दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक टोंक रोड पर अपेक्स मॉल के कोड ब्लैक रेस्टोरेंट में आयोजित किया जायेगा। कोर्डिनेटर मृदला पाटनी ने बताया कि यह बस एक इवेंट नहीं है, यह सशक्तिकरण 'वुमन एंपावरमेंट' की दिशा में एक कदम है। कोर्डीनेटर नीतू जैन मुल्तान ने बताया कि इसमें गृहिणियों और कामकाजी महिलाएं सहित सभी क्षेत्रों की महिलाओं को उनकी गायन, कविता, स्टोरी टेलिंग, संगीत, और स्टैंड-अप कॉमेडी जैसे छुपी हुई प्रतिभाओं का प्रदर्शन करने के लिए समय निकालने का प्रेरणा देता है। सूत्रधार विनित चांदवाड़ एवं कोर्डिनेटर प्रेरणा चंदरानी ने बताया कि प्रोग्राम में उम्र की कोई सीमा नहीं रखी गई है। कोर्डिनेटर आकांशा मीना ने बताया कि प्रतिभागियों को ₹11,000 की नकद पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिलेगा।

**कल्कि 2898 AD का प्री-रिलीज इवेंट**

## प्रभास, बिग बी, कमल हासन और दीपिका का दिखा मस्तीभरा अंदाज




**बेधड़क | जयपुर**

मुंबई में बुधवार को फिल्म कल्कि 2898 AD का प्री-रिलीज इवेंट रखा गया। इस इवेंट में शामिल होने के लिए अमिताभ बच्चन, प्रभास, कमल हासन और दीपिका पादुकोण सहित सारी स्टारकास्ट पहुंची। प्रभास के एंट्री करते ही मीडिया वालों ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया। ब्लैक ड्रेस पहने प्रभास ने मुस्कुराकर उनका अभिवादन किया। 81 साल के अमिताभ बच्चन ने भी इवेंट में ग्रैंड एंट्री ली। यह ग्रैंड इवेंट मुंबई के जुहू स्थित नोवोटेल होटल में हो रहा है। इवेंट की शुरुआत में फिल्म से जुड़े अलग-अलग प्रमोशनल वीडियोज दिखाए गए। प्रेग्नेंट दीपिका पादुकोण को स्टेज पर चढ़ते वक्त अमिताभ बच्चन ने सहारा दिया।

वहीं, जब दीपिका स्टेज से उतरीं तो प्रभास और राणा दग्गुबाती उन्हें संभालते दिखे। इस दौरान अमिताभ बच्चन का मस्ती भरा अंदाज देखने को मिला। प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन, कमल हासन स्टारर फिल्म कल्कि 2898 AD, 27 जून को रिलीज होगी। फिल्म में अमिताभ बच्चन अश्वत्थामा के रोल में नजर आएंगे, जबकि प्रभास फिल्म में भैरवा का रोल प्ले कर रहे हैं। फिल्म को साउथ के पॉपुलर डायरेक्टर नाग अश्विन ने डायरेक्ट किया है।

**आचार्यों का पाद प्रक्षालन और आरती से स्वागत**

## निपुण नंदी और शशांक सागर के ससंघ मंगल मिलन के बने साक्षी



**बेधड़क | जयपुर**

जनकपुरी ज्योति नगर जैन मंदिर में बालाचार्य निपुण नंदी महाराज ससंघ (छह पिच्छि) ने बुधवार सुबह मोहन बाड़ी से मंगल विहार कर जनकपुरी-ज्योति नगर जैन मंदिर में बैंड बाजे के साथ भव्य मंगल प्रवेश किया।

मंगल विहार में मंत्री देवेंद्र कासलीवाल, सोभाग अजमेरा, राजेश गर्ग, राजेंद्र ठोलिया, राकेश ठोलिया, नवीन पांड्या, दिलीप चांदवाड़ अन्य भक्त जनों का सहयोग रहा। जनकपुरी में प्रवासरत आचार्य शशांक सागर महाराज ससंघ (दो पिच्छि) की अगवानी के लिए समाज जनों के साथ इमली फाटक पहुंचे जहां दोनों संघों के मंगल मिलन का दृश्य बहुत ही अविष्मरणीय था। ऐसे अविष्मरणीय पलों के कई श्रद्धालु साक्षी बने।

दोनों आचार्यों का पुष्प वृष्टि के साथ मन्दिर जी पर प्रबंध समिति ने पाद प्रक्षालन व महिला मंडल ने आरती कर स्वागत किया। इधर, दोनों संघ के पावन सानिध्य में अभिषेक व शान्तिधारा हुई तथा धर्म सभा आयोजित की गई। धर्म सभा का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के बाद जीतु गंगवाल प्रताप नगर द्वारा किए मंगलाचरण से किया गया। संचालन डॉ. इंद्र कुमार जैन ने किया। बुधवार की आहार चर्या का सौभाग्य जेके जैन व लाड देवी परिवार को प्राप्त हुआ।

**पोस्टर विमोचन** RIC में 6 से 8 जुलाई तक होगा भारत सोलर कंपोनेंट एक्सपो

## एक छत के नीचे आएंगे सोलर एनर्जी विशेषज्ञ-उत्पादक

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान सोलर एसोसिएशन प्रदेश में सोलर इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए तेजी से कदम बढ़ा रहा है। वैसे भी प्रदेश में गर्मी ज्यादा पड़ती है और यहां बिजली की बहुत जरूरत होती है। उतनी बिजली हर किसी को उपलब्ध भी नहीं होती है। इन सभी को देखते हुए प्रदेश में सोलन एनर्जी को लेकर तेजी से काम हो रहा है और जागरूकता बढ़ाई जा रही है। यह विचार विशेषज्ञों ने जयपुर में रखे और बताया कि इसको देखते हुए 6 ,7 ,8 जुलाई को 'भारत सोलर कंपोनेंट एक्सपो' का आयोजन राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में किया जाएगा। इस दौरान आरआरसीईएल के टेक्निकल हेड और जनरल मैनेजर सुनीत माथुर, आरईआईएल के मैनेजर निकुंज पाठक, आल राजस्थान दुकानदार महासंघ के अध्यक्ष किशोर कुमार टांक ने एक्सपो के पोस्टर का विमोचन किया। वहीं आरएसए के अध्यक्ष सुनील बंसल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, सीईओ नितिन अग्रवाल, कलर एन डिजाइन के चेयरमैन अमित परनामी ने संबोधित किया।




### कुसुम योजना में 20000 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य

एक्सपर्ट ने कहा कि राजस्थान में कुसुम योजना में लगभग 20000 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य लिया है, जिससे राजस्थान में लगभग 80000 करोड़ के नए बिजनेस के होने का अनुमान है। ऐसे में एक्सपो में कुसुम योजना में अधिकृत ईपीसी व एमएसएमई व सोलर कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों को एक छत के नीचे लाने का काम किया जाएगा। राजस्थान सोलर एसोसिएशन अध्यक्ष सुनील बंसल ने बताया कि एक्सपो अपने आप में एक अलग तरह का है, जिसका मुख्य आकर्षण सोलर पेनल मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के साथ सोलर प्रोजेक्ट में काम आने वाले सभी कंपोनेंट जैसे ट्रांसफार्मर, केबल जैसे 14 कंपोनेंट के राजस्थान के मैन्युफैक्चरिंग यूनिट को बढ़ावा देना है।

### बिजनेस जा रहा राजस्थान से बाहर

बंसल ने बताया कि राजस्थान में इंडस्ट्री से जुड़े हुए ईपीसी, सरकारी, गैर सरकारी सोलर प्रोजेक्ट पर काम करने वाले अधिकतर लोगों को सोलर कंपोनेंट में मैन्युफैक्चर सर्च करने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिससे अधिकतर राजस्थान का ये बिजनेस बाहर चला जाता था। इस परेशानी को ध्यान में रखकर या राजस्थान का फर्स्ट सोलर कंपोनेंट एक्सपो भारत सोलर कंपोनेंट एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, गुरुवार, 20 जून, 2024





स्वतंत्रता आध्यात्मिक विषय है, भौतिकता में इसका कोई अस्तित्व नहीं है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### पुतिन ने किम जोंग को लग्जरी कार गिफ्ट की... तानाशाह ने रेड कार्पेट बिछाकर किया वेलकम

# रूस-उत्तर कोरिया में कई समझौतों पर हस्ताक्षर

## पुतिन के स्वागत में बच्चों ने लगाए नारे... लहराए रूसी झंडे

**एजेंसी** | सियोल

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन ने प्योंगयांग में एक शिखर सम्मेलन के दौरान कई साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य अपने आर्थिक और सैन्य सहयोग का विस्तार करना तथा वाशिंगटन के खिलाफ एक संयुक्त मोर्चा बनाना है। पुतिन की 24 वर्षों में पहली उत्तर कोरिया यात्रा, हथियार समझौते पर बढ़ती चिंताओं के बीच हुई। इसके तहत उत्तर कोरिया आर्थिक सहायता और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के बदले में मास्को को यूक्रेन में युद्ध के लिए अत्यंत आवश्यक हथियार उपलब्ध करा रहा है। पुतिन और किम के बीच हुई मीटिंग में उत्तर कोरियाई नेता ने यूक्रेन में रूसी युद्ध का समर्थन किया। पुतिन ने किम के समर्थन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और कहा कि रूस यूक्रेन समेत रूस की सभी नीतियों पर लगातार समर्थन के लिए आभारी है। पुतिन उत्तर कोरिया की प्रगति से प्रभावित दिखे और उन्होंने कहा कि पिछली बार साल 2000 में जब मैं यहां आया था, उसके बाद से प्योंगगयांग ने जो तरक्की की है, वो तारीफ के काबिल है। शहर काफी सुंदर बन गया है जिसका श्रेय उत्तर कोरिया के लोगों को जाता है। मैं उम्मीद करता हूं कि किम और मेरी अगली मुलाकात मॉस्को (रूस की राजधानी) में होगी।





## रूसी राष्ट्रपति का गर्मजोशी से स्वागत



रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 24 साल बाद उत्तरी कोरिया की धरती पर पहुंचे। इससे पहले वो साल 2000 में तानाशाह के देश पहुंचे थे, तब उनकी मेजबानी किम जोंग उन के पिता ने की थी। इस बार भी पुतिन के भव्य स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ी गई। किम जोंग उन खुद एयरपोर्ट पर पुतिन को रिसीव करने पहुंचे। तानाशाह ने पुतिन के स्वागत में रेड कार्पेट बिछाया और गले लगकर अभिवादन किया। इतना ही नहीं, किम पुतिन को कार तक छोड़ने भी आए और उनकी रवानगी के बाद ही वहां से निकले। पुतिन के भव्य स्वागत का अंदाजा इसी बात से लगा लीजिए कि रूसी राष्ट्रपति के पोस्टर उत्तरी कोरिया की सड़कों पर दिखाई दिए। गगनचुंबी इमारतों से होकर पुतिन का काफिला निकला और उत्तरी कोरिया की सड़कों का नजारा दुनिया ने पहली बार देखा। ऐसा शायद ही पहली बार होगा जब तानाशाह की धरती पर किसी और नेता के पोस्टर लगे हों। एक इमारत पर लगे बैनर पर लिखा था, 'हम रूसी संघ के राष्ट्रपति का गर्मजोशी से स्वागत करते हैं। वहीं रूसी राष्ट्रपति ने उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन को रूस में तैयार लक्जरी कार-ऑरस सीनेट और टी सेट तोहफे में दी। किम ने रूसी राष्ट्रपति को उनकी पसंद की कलाकृतियां गिफ्ट कीं।

### अमेरिका की टेंशन बढ़ाएंगे रूस और उत्तरी कोरिया

रूसी समाचार एजेंसियों की खबरों के मुताबिक, पुतिन ने कहा है कि दोनों देश अमेरिका के साथ बढ़ते टकराव के मद्देनजर प्रतिबंधों से निपटने के लिए मिलकर काम करना चाहते हैं। पुतिन की यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच विभिन्न समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। रूस ने 2022 में यूक्रेन में युद्ध शुरू किया था। पुतिन की यह यात्रा हथियारों के एक समझौते के बारे में बढ़ती चिंताओं के बीच हो रही है, जिसमें उत्तर कोरिया आर्थिक सहायता और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के बदले में यूक्रेन में रूस को बेहद जरूरी हथियार मुहैया कराता है। इस दौरान उत्तरी कोरिया की सड़कें भी दिखीं। पुतिन का काफिला गगनचुंबी इमारतों के बीच गुजरा। फिर पुतिन होटल पहुंचे। सोशल मीडिया पर सामने आ रहे वीडियोज में पुतिन के स्वागत में उत्तरी कोरिया की सेना का प्रदर्शन भी दिखाई दिया। पुतिन और किम जोंग उन के बीच लंबी बातचीत भी हुई। ऐसा माना जा रहा है कि रूस और उत्तरी कोरिया के बीच हथियारों को लेकर बड़ी डील हो सकती है।



**कुवैत सरकार का ऐलान**

### अग्निकांड पीड़ितों के परिजनों को मिलेंगे 12.5 लाख

**मंगफ।** कुवैती सरकार दक्षिणी अहमदी प्रांत के मंगफ इलाके में लगी आग के पीड़ितों के परिवारों को 15,000 अमेरिकी डॉलर यानी 12.5 लाख रुपए का मुआवजा देगी। इस आग में 50 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें 46 भारतीय भी शामिल थे। सरकारी सूत्रों ने कहा कि मुआवजे के भुगतान की प्रक्रिया जल्द पूरी कर ली जाएगी और पीड़ितों के दूतावासों को भेज दी जाएगी। मरने वालों में 46 भारतीय के अलावा तीन अन्य मृतक फिलिपींस से थे और एक पीड़ितों की पहचान नहीं हो पाई है। कुवैत के अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह के आदेश पर पीड़ितों के परिवारों को 15,000 अमेरिकी डॉलर (12.5 लाख रुपए) का मुआवजा मिलेगा।

**सऊदी के मक्का में तापमान पहुंचा 52°C**

# भीषण गर्मी से 645 हज यात्रियों की मौत

**एजेंसी** | रियाद

सऊदी अरब में भीषण गर्मी हज यात्रियों पर कहर बनकर टूट पड़ी है। यहां पारा 50 डिग्री के पार पहुंच चुका है। ऐसे में गर्मी के चलते हज के दौरान 645 यात्रियों की मौत हो गई है। इसमें 60 से अधिक भारतीय भी शामिल है। मरने वालों में सबसे बड़ी संख्या मिस्त्र से है। इसके अलावा ईरान, इंडोनेशिया और सेनेगल के हज यात्रियों की भी मौत की सूचना मिली है। सऊदी अरब में एक राजनयिक ने बताया कि हीटस्ट्रोक के कारण 68 भारतीयों की मौत हो गई है। कुछ की मौत मौसम की वजह से हुई है तो कुछ की मृत्यु प्राकृतिक कारणों से हुई है



सऊदी अधिकारियों ने बताया कि ज्यादातर मौतें गर्मी की वजह से हुई हैं।

मौसम विभाग के अनुसार मक्का की ग्रैंड मस्जिद में तापमान 51.8C तक पहुंच गया। इस दौरान हज यात्रियों को अपने सिर पर पानी डालते देखा गया, जबकि वालंटियर उन्हें ठंडा रखने के लिए कोल्ड ड्रिंक और आइसक्रीम दे रहे थे। सऊदी अधिकारियों ने हज यात्रियों को छाते का उपयोग करने, खूब पानी पीने और दिन के सबसे गर्म घंटों के दौरान धूप में निकलने से बचने की सलाह दी है।

**खगोलीय घटना**

# कल आसमान में दिखेगा स्ट्रॉबेरी मून

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

इस महीने 21 जून को रात में दिन जैसा नजारा दिखाई देगा। 21 जून को पूर्णिमा है और इस दिन चंद्रमा अपने पूरे शबाब पर होगा। उसकी दूधिया रोशनी इतनी तेज होगी कि आपको ऐसा लगेगा मानो दिन है। इस घटना को स्ट्रॉबेरी मून कहा जाता है। हालांकि, चंद्रमा की यह तेज रोशनी 20 जून से ही दिखनी शुरू हो जाएगी जो 22 जून को भी नजर आएगी। इन तीनों दिन यानी गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को चंद्रमा उज्ज्वल और पूर्ण दिखाई देगा।

संक्रांति की तिथि या खगोलीय गर्मियों की शुरुआत के लिए पूर्णिमा की निकटता का एक उल्लेखनीय दृश्य प्रभाव होता है। चूंकि पूर्णिमा पृथ्वी के सापेक्ष सूर्य के विपरीत होती है, इसलिए यह आकाश में सूर्य की स्थिति को दर्शाती है। जून में और विशेष रूप से संक्रांति के करीब-सूर्य उत्तरी गोलार्ध में वर्ष के अपने उच्चतम बिंदु पर होता है। इस वर्ष 20 जून को संक्रांति पर दोपहर के समय इसकी स्थिति अब तक की सबसे अधिक है। यह अगले दिन पूर्णिमा को वर्ष का सबसे कम बिंदु बनाता है।



### कैसे पड़ा नाम

स्ट्रॉबेरी मून का नाम अमेरिकी खगोल वैज्ञानिकों ने रखा। इसका नाम इस महीने पकने वाली जंगली स्ट्रॉबेरी से लिया गया है। जून की पूर्णिमा के लिए अन्य मूल अमेरिकी नामों में बेरीज रिपेन मून, ग्रीन कॉर्न मून और हॉट मून शामिल हैं। सेंटर फॉर नेटिव अमेरिकन स्टडीज के अनुसार, ग्रेट लेक्स क्षेत्र के स्वदेशी लोग अनिशिनाबेग या ओजिब्वे इसे वाबिगोनी गिजिस (ब्लूमिंग मून) के नाम से जानते हैं।

### भारत में कब दिखेगा

भारत समेत पूरे एशियाई महाद्वीप में पूर्णिमा को देखने का सबसे अच्छा समय शुक्रवार होगा। इस दौरान चंद्रमा सूर्यास्त के बाद पूर्व में चमकीली रोशनी लिए उगेगा। हालांकि इसके उगने का समय देशों की स्थिति के अनुसार, थोड़ा बहुत आगे-पीछे हो सकता है। इसके बाद अगली पूर्णिमा 21 जुलाई 2024 को होगी, जिस दिन चंद्रमा 21 जून की अपेक्षा थोड़ी कम चमक के साथ नजर आएगा।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl